52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 22.8°c
अधिकतम 31.9 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:02 सूर्यास्त : 6:27 | वर्ष : 52/ अंक : 253 | बृहस्पतिवार, 12 सितम्बर 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, नवमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

अमृतवाणी

मदद करने के लिए धन की जरूरत नहीं होती, उसके लिए एक अच्छे मन की जरूरत होती है।

यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

20 सीटें और आ जाती तो ये 400 पार वाले सारे के सारे लोग जेल में होते : खड़गे

और अगर...... आपकी 400 पार हो जाती तो?.....

फुलत के मौलाना कलीम को उम्रकैद व उसके ड्राइवर को दस साल कारावास

▶ विशेष अदालत ने 12 लोगों को उम्रकैद और चार को दस-दस साल की सजा सुनाई
▶ सभी पर हैं राष्ट्रद्रोह और अवैध रूप से धर्म परिवर्तन कराने व विदेशी पैसा लेने के आरोप

लखनऊ/मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। अवैध धर्मांतरण के मामले में खतौली के फुलत मदरसे से जुड़े मौलाना कलीम सिद्दीकी को उम्रकैद और उसके ड्राइवर सलीम को 10 साल की सजा हुई है। लखनऊ में एनआईए की विशेष अदालत ने अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिए गए मोहम्मद उमर गौतम और मौलाना कलीम सिद्दीकी समेत 12 लोगों को बुधवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। चार अन्य दोषियों को10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई है।

बड़े धर्मांतरण रैकेट के बड़े सूत्रधार फुलत मदरसे के मौलाना कलीम समेत 16 लोगों के खिलाफ उप निरीक्षक विनोद कुमार ने 20 जून 2021 को लखनऊ के एटीएस थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। कोर्ट ने सभी को मंगलवार को दोषी करार दिया था। बुधवार को कोर्ट के स्पेशल जज विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने मोहम्मद उमर गौतम, मौलाना कलीम सिद्दीकी, इरफान शेख, सलाउद्दीन जैनुद्दीन शेख, प्रकाश रामेश्वर कावड़े उर्फ आदम, भुप्रिय बन्दो उर्फ अर्सलान मुस्तफा, कौशर आलम, फराज वाबुल्लाशाह, धीरज गोविंद राव जगताप, सरफराज अली जाफरी, काजी जहांगीर और अब्दुल्ला उमर को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। आदेश के मुताबिक, मामले में बाकी चार अभियुक्तों मोहम्मद सलीम, राहुल भोला, मन्नू यादव तथा कुणाल अशोक चौधरी को उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा-पांच के तहत 10-10 वर्ष की कैद और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी गयी। इन सभी आरोपियों पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता की धारा 417, 120 बी, 121ए, 123, 153ए, 153बी, 295ए और 298 के साथ ही उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 की धारा 3/5/8 के तहत आरोप लगाए गए थे।

मौलाना ने फुलत मदरसे में विदेशों से बटोरे करोड़ों रुपये

मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। खतौली के रतनपुरी क्षेत्र का मदरसा फुलत उस समय चर्चा में आया था, जब यहां के मौलाना कलीम को पुलिस ने धर्मांतरण रैकेट से जुड़ा होने और विदेशी फंडिंग प्राप्त करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। एमबीबीएस की पढ़ाई छोड़ने के बाद फुलत मदरसे की कमान संभालते हुए विदेशों से भारी पैसा बटोरने और इसके दम पर धर्मांतरण रैकेट चलाने के आरोपी मौलाना कलीम का बेटा इस समय उक्त मदरसा चला रहा है। रतनपुरी थाना क्षेत्र के फुलत गांव निवासी मौलाना कलीम के खिलाफ एटीएस ने विदेशी फंडिंग पाने और धर्मांतरण के मामले में 20 जून 2021 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद 21 सितंबर 2021 की रात एटीएस ने दिल्ली-दून हाईवे पर मौलाना के अलावा ड्राइवर सलीम को उस समय दबोच लिया था जब वह मेरठ के निजी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। हालांकि मामले की सुनवाई के दौरान मौलाना 2023 में जमानत पर छूट गया था। मौलाना कलीम सिद्दीकी मदरसे में पढ़ाते-पढ़ाते धर्मांतरण का ठेकेदार बन गया। एटीएस की जांच में मौलाना के ट्रस्ट को खाड़ी देशों से तीन करोड़ रुपये की फंडिंग की जानकारी मिली थी। हवाला के जरिए भी धनराशि मिली। ढाई दशक में ही फुलत के मदरसे का नाम विदेशों तक पहुंच गया। इसके बाद अदालत में सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर मौलाना को न्यायिक हिरासत में लिया गया था। आज इस मामले में उसे और उसके ड्राइवर को अदालत ने सजा सुनाई। मौलाना कलीम सिद्दीकी मदरसे में पढ़ाते-पढ़ाते धर्मांतरण के धंधे में लग गया। इस बीच कई ऐसे मामले सामने आए। बाद में एटीएस की जांच में मौलाना के ट्रस्ट को खाड़ी देशों से तीन करोड़ रुपये की फंडिंग के अलावा हवाला के जरिए भी बड़ी धनराशि मिलने की जानकारी मिली।

मौलाना कलीम के हुजूर में हाजरी भरने जाते थे बड़े-बड़े लोग

▶ एमबीबीएस की पढाई छोड़ कलीम ने खोला था फुलत मदरसा ▶ दीने इस्लाम फैलाने के नाम पर खाड़ी देशों से बटोरा अकूत पैसा ▶ चरथावल के अमित को मुसलमान बनाने पर दर्ज हुई थी रिपोर्ट

मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। विदेशी फंडिंग का चस्का ऐसा लगा कि डॉक्टर बनने का सपना छोड़कर मौलाना कलीम ने दीनी तालीम देने के नाम पर फुलत में साल 1998 में जामिया इमाम शाह वलीउल्लाह इस्लामिया के नाम से मदरसा खोल लिया और वहां से खाड़ी देशों तक अपने पांव पसारे और अकूत पैसा इस्लाम और मदरसे के नाम पर हासिल किया। एक समय ऐसा था जब मौलाना कलीम का सिक्का दूर-दूर तक चलता था और उनके मदरसे को देवबंद मदरसे जैसा रुतबा हासिल होने लगा था। बड़े-बड़े लोग वहां हुजूर की खिदमत में सलाम बजाने जाते थे।

मौलाना कलीम और उनके गिरोह के लोगों पर यूं तो धर्म परिवर्तन कराने के तमाम आरोप लगते रहे हैं, लेकिन इनमें एक चर्चित आरोप चरथावल कस्बे के अमित प्रजापति के धर्मांतरण का है। इसे लेकर पुलिस में मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें अमित ने आरोप लगाया था कि मई 2014 में उसे फुलत स्थित मदरसे में ले जाया गया। वहां मौलाना कलीम सिद्दीकी ने कलमा पढ़वाकर उसका धर्म परिवर्तन करने के बाद नया नाम अब्दुल्ला रखा। इस रैकेट के हाथ पांव दूर तक फैले थे। मौलाना के आदेश पर अमित को जमात में शामिल कर महाराष्ट्र ले जाकर नमाज व कलमा पढ़ना सिखाया गया। उक्त गिरोह के लोगों ने उसे 2015 में मदरसा देवबंद में उर्दू व अरबी भाषा सीखने के लिए भेजा गया था। हालांकि उसे जल्द ही सद्बुद्धि आ गई और उसने इन लोगों के चंगुल से मुक्त होकर रिपोर्ट दर्ज कराई। फुलत के किसान अमीन सिद्दीकी के बेटे कलीम सिद्दीकी ने फुलत गांव के मदरसे में प्रारंभिक शिक्षा के बाद पिकेट इंटर कॉलेज खतौली से विज्ञान वर्ग में इंटर परीक्षा पास की थी। इसके बाद उसने मेरठ कॉलेज मेरठ से बीएससी के बाद एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू की थी। लेकिन मजहब का जुनून ऐसा चढ़ा कि उसने गांव फुलत के फैजुल इस्लाम मदरसे में दीनी तालीम देने का काम शुरू किया और बाद में अपना अलग मदरसा खोल लिया। इसके बाद विदेशी फंडिंग का दौर शुरू हुआ तो यह मदरसा इलाके के बड़े मदरसों में शुमार होने लगा। धर्मांतरण को लेकर चर्चित रहे मौलाना कलीम के सितंबर 2021 में गिरफ्तार होने के बाद उस पर विदेशों से अवैध रूप से पैसा लेने के आरोप लगे। इसके साथ ही आरोपियों के पास से पासपोर्ट, मुहर, संदिग्ध साहित्य, महिला व बच्चों की सूची, मोबाइल, लाइसेंस, पहचान पत्र, आधार, पैन, मैरिज सर्टिफिकेट और कनवर्जन रजिस्टर बरामद हुए थे। इसमें उन लोगों की सूची थी, जिन्हें लालच देकर धर्म परिवर्तन कर इस्लाम कुबूलवाया गया था। मौलाना कलीम के जेल में जाने के बाद इस मदरसे की कमान उसके बेटे मौलाना अहमद के हाथ में है और वहां मौलाना ताहिर नामक व्यक्ति प्रधानाचार्य है। हालांकि इस मामले में फंसे उसके ड्राइवर सलीम के तीन बेटे साहिब, सुहैब और शाहिद मजदूरी करते हैं। पुलिस का कहना है कि मौलाना ने सलीम को भी काफी पैसा दिया था।

दिन निकलते ही भाई ने ली भाई की जान

मेरठ, 11 सितंबर (एजेंसी)। दौराला में बुधवार को दिन निकलते ही भाई ने अपने ही हाथों भाई की जान ले ली। धारदार हथियार से वारकर हत्या को अंजाम दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। दौराला कस्बे के वार्ड नंबर दो के मोहल्ला भगवानपुरी में मंगलवार देर रात भूमि विवाद के चलते सौतेले भाई मोहित ने भाई विनीत उर्फ सूरज की सोते हुए धारदार हथियार से वार कर घायल कर दिया। बीच बचाव में आई मां गीता भी हमले में घायल हो गई। परिजनों ने घायल विनित उर्फ सूरज को सीएचसी दौराला में भर्ती कराया।

आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा बीमा कवर

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने बुधवार को वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक बड़ी घोषणा की है। सरकार ने कहा कि अब 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत अतिरिक्त बीमा कवर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के तहत करीब 4.5 करोड़ परिवारों को कवर किया जाएगा, जिनमें छह करोड़ वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल और उससे ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों नया कार्ड जारी करेगी। योजना के तहत, जिन वरिष्ठ नागरिकों की उम्र 70 साल या उससे अधिक है और जो पहले से ही योजना के तहत कवर किए गए परिवारों से हैं, उन्हें प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का अतिरिक्त बीमा कवर मिलेगा। यह अतिरिक्त बीमा कवर 70 साल से कम आयु के नागरिकों पर लागू नहीं होगा। आयुष्मान भारत दुनिया की सबसे बड़ी बीमा योजना है। इसके तहत अभी सबसे गरीब 40 फीसदी लोगों को सालाना पांच लाख तक का कवर प्रदान किया जाता है। अब यह योजना न केवल 70 साल या उससे अधिक उम्र के नागरिकों को कवर करेगी। बल्कि गरीब मरीजों का कवरेज 10 लाख रुपये तक बढ़ाएगी।



अयोध्या: राम की पैड़ी पर शराब पीने का वीडियो वायरल, दो सफाई कर्मी बर्खास्त

अयोध्या। नगर निगम के दो आउटसोर्सिंग सफाई श्रमिकों की ओर से सरयू किनारे राम की पैड़ी पर बैठकर दिन में शराब पीने का एक वीडियो वायरल हो गया। सरयू तट और राम की पैड़ी अयोध्या के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थल हैं। यहां पर इस तरह की करतूत का वीडियो वायरल होने पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने सख्त रुख अख्तियार किया उन्होंने दोनों सफाई श्रमिकों को कार्य मुक्त करने के साथ आउटसोर्सिंग कंपनी लायन सिक्योरिटी पर 50,000 का जुमार्ना लगा दिया है। बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, इसमें नगर निगम की वर्दी पहनकर दो लोग राम की पैड़ी पर शराब पी रहे थे। इस वीडियो के वायरल होने के बाद नगर आयुक्त ने तत्काल अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह को इसकी जांच सौंपी। जांच में वायरल वीडियो के सही होने की पुष्टि हुई। पता चला कि दोनों सफाई श्रमिक नगर निगम को आउटसोर्सिंग पर कर्मचारी उपलब्ध कराने वाली संस्था लायन सिक्योरिटी के हैं।

किसान परिवार को बंधक बनाकर लाखों की लूट

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर में नकाबपोश बदमाशों ने किसान परिवार को बंधक बनाकर की लाखों की लूट। नई मंडी क्षेत्र के गांव बिलासपुर निवासी मंगल सैनी ने आबादी से अलग जौली रोड पर मकान बना रखा है। मंगल खेती के साथ साथ सीमेंट व रोडी का काम भी करता है। बताया जाता है कि उसी के अपने मकान में चार दिवारी का काम चल रहा था तथा मंगलवार की रात परिवार के लोग अलग अलग कमरों में सोये हुए थे। रात्रि लगभग दो बजे मकान की छत के रास्ते कुछ हथियारबंद बदमाश नकाब पहनकर आये और पूरे परिवार को हथियार लगाकर बंधक बना लिया। बंधक बनाने के बाद उनसे मोबाइल छीनकर सबको एक ही कमरे में बंद कर दिया तथा कमरे में ही एक पानी की टंकी थी, जिसमें परिवार को बंद कर दिया गया। परिवार में मंगल की पत्नी रूपा, दो बेटे, पिता व छोटा भाई मोनू तथा उसकी पत्नी सीमा सभी को बंधक बना लिया गया। उसके बाद बदमाशों ने घंटों तक पांच कमरे और उनकी अलमारियां खंगाल डाली। मंगल ने तहरीर देते हुए बताया कि मकान से पांच लाख की नकदी, पांच लाख के जेवरात लेकर बदमाश जंगल के रास्ते से फरार हो गये। बाद में परिवार कमरे की खिड़की तोड़कर बाहर आया और बुधवार की सुबह दस बजे इसकी जानकारी प्रधान कय्यूम को दी। प्रधान की सूचना के बाद नई मंडी कोतवाली पुलिस के साथ साथ, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत और सीओ मण्डी रूपाली राव घटना स्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी लेते हुए परिवार में हुए आर्थिक नुकसान का आकलन किया। घटना के खुलासे के लिए क्राइम ब्रांच समेत तीन टीमों को गठित किया गया है।

दस हजार की गड्डी थामते ही पटवारी जी थमे

▶ पूर्व प्रधान से रिश्वत लेते सदर तहसील के लेखपाल को विजिलेंस टीम ने दबोचा
▶ चरथावल हल्के के कसौली में जमीन से अवैध कब्जा हटवाने के लिए मांगे थे 50 हजार

मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के फंदे में आज सदर तहसील का एक लेखपाल फंस गया। पूर्व प्रधान से पचास हजार की रिश्वत मांगने के बाद दस हजार रुपये लेते उसे रंगे हाथों सहारनपुर से आई एंटी करप्शन की विजिलेंस टीम ने दबोच लिया। इसकी जानकारी पर सदर तहसील के लेखपाल एकत्र हो गए और उन्होंने हंगामा करते हुए उसे छुड़ाने की कोशिश भी की, लेकिन टीम उक्त लेखपाल को अपने साथ गाड़ी में सवार कर ले गई। तीन दिन में लेखपाल के भ्रष्टाचार का यह दूसरा मामला पकड़ा गया है। इससे पहले जानसठ में एक लेखपाल को ऑडियो वायरल होने के बाद सस्पैंड किया गया था।

भ्रष्टाचारियों पर मौसम कैड़ा पड़ रहा है। सदर तहसील के एक लेखपाल को आज एंटी करप्शन की विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों दस हजार रुपये की रिश्वत लेते दबोच लिया। बताया गया है कि उक्त लेखपाल पंकज कुमार धीमान के पास चरथावल क्षेत्र है। यहां कसौली गांव के पूर्व प्रधान श्रीचंद बोस की जमीन को लेकर उनका कुछ लोगों से विवाद चल रहा है। पूर्व प्रधान ने उन पर कब्जे का आरोप लगा रखा है। इसके निस्तारण की मांग उन्होंने एसडीएम से की थी। यह जांच लेखपाल के पास आ गई। बस लेखपाल की बन आई। जब पूर्व प्रधान ने उक्त मामले को लेकर जब लेखपाल से संपर्क किया तो आरोप है कि लेखपाल पंकज कुमार धीमान ने इस मामले को सुलटाने के लिए पचास हजार रुपये सुविधा शुल्क की मांग की। उसने भरोसा दिया कि पूर्व प्रधान की भूमि से कब्जा हटवाकर भूमि उन्हें दिला दी जाएगी और कब्जा करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज करा दी जाएगी। मामले को लेकर पूर्व प्रधान श्रीचंद बोस कई बाद लेखपाल से मिले, लेकिन मामले का कोई समाधान नहीं हुआ। इस बीच पूर्व प्रधान ने सहारनपुर में एंटी करप्शन विभाग के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद जाल बिछाकर लेखपाल को दबोचने की योजना बनाई गई। विजिलेंस ने पहचान बनाकर दस हजार रुपये पूर्व प्रधान को पकड़ा दिए, ताकि वे इन्हें लेखपाल को दे सके। पूर्व नियोजित तरीके से पूर्व प्रधान श्रीचंद बोस ने लेखपाल पंकज कुमार धीमान से मिलने का समय मांगा तो लेखपाल ने सदर तहसील में मिलने को कहा। बोस ने विजिलेंस टीम को इसकी जानकारी दी। इसके बाद जब बोस सदर तहसील पहुंचे तो टीम भी छुपकर उनके साथ पहुंच गई। उन्होंने वहां मुलाकात के बाद जैसे ही लेखपाल पंकज कुमार धीमान को दस हजार रुपये की गड्डी थमाई, विजिलेंस टीम ने लेखपाल को अपने कब्जे में ले लिया। इसके बाद टीम जब उसे ले जाने लगी तो वहां काफी लेखपाल एकत्र हो गए। उन्होंने विजीलेंस टीम का विरोध किया और हंगामा करते हुए पकड़े गए लेखपाल को छुड़ाने का प्रयास किया। विजिलेंस टीम पकड़े गए लेखपाल को अपने साथ लेकर रवाना हो गई। मामले को लेकर लेखपालों में हड़कंप मचा रहा। इस बीच तहसीलदार सदर राधेश्याम गौर से जब इस विषय में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि विजिलेंस टीम द्वारा एक लेखपाल को रिश्वत लेते पकड़े जाने की जानकारी उन्हें मिली है। इस संबंध में कानूनगो से रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट आने के बाद इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी। याद रहे कि दो दिन पूर्व ही जानसठ तहसील में लेखपाल का एक ऑडियो वायरल हुआ था, जिसमें उसे कथित तौर पर एक व्यक्ति से रिश्वत मांगते दिखाया गया था। इसके बाद एसडीएम जानसठ ने मामले को प्रथमदृष्ट्या सही मानते हुए उक्त लेखपाल को निलंबित कर जांच के आदेश दिए थे। दो दिन बाद ही सदर तहसील में यह मामला हो गया। जानकारों का कहना है कि आम तौर पर लोग ऐसे मामलों में शिकायत करने से बचते हैं या फिर उन्हें इसका तरीका पता नहीं है, वरना रोज दो चार मामले रिश्वत खोरी के पकड़े जा सकते हैं।

अवैध मस्जिद के खिलाफ हिंदू संगठनों का उग्र प्रदर्शन, दो बार लाठीचार्ज, 10 घायल

शिमला, 11 सितंबर (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के संजौली स्थित मस्जिद में अवैध निर्माण के विरोध में बुधवार को हिंदूवादी संगठनों की ओर से उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुए लाठीचार्ज में पुलिस के पांच जवानों समेत कुल दस लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में मस्जिद में हुए अवैध निर्माण के विरोध में बुधवार को हिंदू संगठनों ने उग्र प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन के धारा 163 लागू करने के बावजूद संजौली में हजारों की भीड़ जुटी और मस्जिद गिराने की मांग को लेकर अड़ी रही। इस दौरान लोगों की भीड़ ने पुलिस के बैरिकेड भी तोड़ डाले। इसके बाद जब भीड़ मस्जिद से महज 50 मीटर दूरी पर पहुंची तो दूसरे बैरिकेड तोड़ने की कोशिश करने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर जमकर लाठीचार्ज किया। इस दौरान दमकल वाहनों की मदद से पानी की तेज बौछारों से भी भीड़ को नियंत्रित करने की कोशिश की गई। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई धक्कामुक्की व लाठीचार्ज में पुलिस के पांच जवानों समेत दस लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।

शुरू हुआ अतिक्रमण हटाओ, व्यापारियों को समझाओ अभियान

नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप बोले-नगर के विभिन्न मुद्दों पर बना ली गई है योजना

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। बुधवार को नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप शहर के बाजारों में व्यापारियों से अनुरोध करने के लिए निकले कि वे अपना अतिक्रमण आपसी सहमति से अपने आप हटा लें। नगर मजिस्ट्रेट ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला परिषद् बाजार, झांसी की रानी बाजार व अन्य बाजारों में वे स्वयं व्यापारियों से अनुरोध करने के लिए पहुंचे कि व्यापारी अपनी सूझबूझ से आपसी सहमति बनाकर अपना अतिक्रमण अपने आप ही हटा लें। कुछ दिनों की छूट देने के बाद यदि व्यापारियों ने अपना अतिक्रमण अपने आप नहीं हटाया तो फिर मजबूती से उक्त मामले में कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के साथ सिविल लाइन पुलिस व नगरपालिका परिषद की टीम भी साथ में मौजूद रही। माना जा रहा है कि अब व्यापारी स्वयं ही अपना अतिक्रमण हटा लेंगे, सम्भवतः किसी भी प्रशासनिक अधिकारी को कोई बड़ी कार्यवाही नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि व्यापारी तो पहले से ही अतिक्रमण हटाने के मूड में दिख रहे थे, मगर अब ई-रिक्शाओं के जंजाल से कैसे मुक्ति मिलेगी, यह बात देखने लायक रहेगी।

ट्रेन पलटाने की साजिशें नाकाम करेगा रेलवे, पटरियों के पास से रखे लोहे के टुकड़े हटाने के निर्देश

नई दिल्ली। हाल ही में ट्रेनों को पलटाने के लिए रची गईं साजिशों को नाकाम करने के लिए रेलवे ने बड़ी पहल की है। रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को पटरियों के पास पड़े इस्तेमाल में आने वाले लोहे के टुकड़े और सामग्री को हटाने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने निर्देशों में कहा है कि सभी जोन पटरियों के पास पड़ी इंजीनियरिंग सामग्री, रेल सामग्री और अन्य उपकरणों को तुरंत हटा दें। ताकि शरारती तत्व इनका दुरुपयोग नहीं कर सकें और रेल परिचालन की सुरक्षा को खतरा न पहुंचा पाएं। बोर्ड ने सभी जोन को नौ सितंबर से एक सप्ताह का सुरक्षा अभियान शुरू करने को कहा है। रेलवे के एक अधिकारी ने कहा कि अक्सर पटरी बदलने और मरम्मत के बाद इंजीनियरिंग विभाग इंजीनियरिंग से जुड़े हिस्से, पटरी के लोहे के टुकड़े, कंक्रीट स्लीपर और अन्य सामान को पटरियों के पास ही छोड़ देता है। यह सामान उपद्रवियों के लिए पटरियों पर रखने के काम आ सकते हैं।

तिरंगा लाइट घोटाले में पालिका के पथ प्रकाश लिपिक गोपीचंद को विभाग से हटाया

मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। नगर पालिका में तिरंगा लाइट घोटाले में कार्रवाई आदेश का पत्र दबाने और बिना जानकारी दिए जैम पोर्टल पर निविदा की तिथि 4 जुलाई 2022 से बढ़ाकर 9 जुलाई 2022 किए जाने के मामले में पथ प्रकाश लिपिक गोपीचंद वर्मा को पालिका चेयरमैन ने तत्काल प्रभाव से पथ प्रकाश विभाग के दायित्वों से मुक्त कर दिया है। सभासद देवेश कौशिक ने इस कार्रवाई को अपर्याप्त बताते हुए पत्रावली से गायब की गई जांच रिपोर्ट उपब्ध कराने और दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

वर्ष 2022 में नगर में तिरंगा लाइट लगवाने के लिए नगर पालिका द्वारा टेंडर मांगे गए थे। आरोप है कि पथ प्रकाश लिपिक ने उक्त मामले में जारी टेंडर की सूचना में मनमाने तरीके से टेंडर की तिथि 4 जुलाई 2022 से बढ़ाकर 9 जुलाई 2022 कर दी। इस का उद्देश्य कुछ ठेकेदारों को लाभ पहुंचाना था। मामले की शिकायत पर तब डीएम ने तीन सदस्यीय समिति जांच के लिए बनाई थी। इस जांच समिति ने डीएम को दी रिपोर्ट में घोटाले के आरोपों को सही पाते हुए कार्रवाई की संस्तुति की थी। करीब एक साल पहले हुए इस आदेश की प्रति नगर पालिका की पत्रावली से ही गायब करा दी गई। उक्त मामला संज्ञान में आने के बाद सभासद देवेश कौशिक ने सूचना के अधिकार में इसकी जानकारी मांगी तो खलबली मच गई। इस बीच उन्होंने डीएम से भी इस मामले की शिकायत की। इसके बाद नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने 10 सितंबर को जारी अपने आदेश में पथ प्रकाश लिपिक गोपी चंद वर्मा को प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने के बाद उन्हें चेतावनी देते हुए तत्काल प्रभाव से पथ प्रकाश विभाग के दायित्वों से मुक्त कर दिया। सभासद देवेश कौशिक ने इतने गंभीर मामले में इस कार्रवाई को अपर्याप्त बताते हुए तीन सदस्यीय समिति द्वारा दी गई रिपोर्ट और उसमें की गई कार्रवाई की संस्तुति की प्रति उपलब्ध कराने की मांग जिलाधिकारी से की है।

बिना सूचना जैम पोर्टल पर टेंडर की तिथि मनमाने तरीके से बदलने का आरोप

माफिया मुख्तार अंसारी की 12 करोड़ की संपत्तियां हुई सरकारी

लखनऊ। माफिया मुख्तार अंसारी (अब मृत) की गाजीपुर स्थित 12 करोड़ रुपये कीमत की संपत्तियां अब सरकारी संपत्ति बन गई हैं। आयकर विभाग द्वारा बीते वर्ष मुख्तार की इन बेनामी संपत्तियों को जब्त करने के फैसले पर निर्णायक प्राधिकारी कार्यालय ने मुहर लगा दी है। साथ ही मुख्तार के बेटे अब्बास और उमर की याचिका को खारिज कर दिया है। बता दें कि आयकर विभाग की बेनामी निषेध इकाई के तत्कालीन उपनिदेशक जांच ध्रुवपुरारी सिंह के निर्देश पर बीते वर्ष अप्रैल में माफिया मुख्तार अंसारी की गाजीपुर स्थित 12.10 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्तियों को जब्त किया था। गाजीपुर के कपूरपुर मौजा इलाके में स्थित संपत्ति को मुख्तार ने अपने करीबी रियल एस्टेट कारोबारी गणेश दत्त मिश्रा के नाम से खरीदा था।

मीरापुर में अलग अलग गांव में एक महिला व एक युवक ने आत्महत्या की

मीरापुर, 11 सितम्बर (बु.)। बुधवार को क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने जहरीला पदार्थ तथा दूसरे गांव में एक युवक ने फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिससे दोनों परिवारों में मातम छा गया। मीरापुर थाना क्षेत्र के गाँव कैथोड़ा निवासी 35 वर्षीय आसमीन पत्नि इलियास ने बीती रात गृह क्लेश के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसकी सास मुन्नी व देवर तालिब रात में ही उसे मीरापुर स्थित एक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां महिला की गम्भीर हालत देख अस्पताल प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी तथा गंभीर हालत के चलते उसे मेरठ रैफर कर दिया। मेरठ जाते समय रास्ते में ही महिला ने दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र बघेल ने बताया कि मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर गांव कासमपुर खोला निवासी 25 वर्षीय रोहित पुत्र ओमपाल ने गांव में ही स्थित अपने कृषि फार्म पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सवेरा होने पर जब परिजन कृषि फार्म पहुंचे, तो उन्हें इसकी जानकारी लगी। जिसके बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



मलाइका के पिता की छठी मंजिल से गिरकर मौत, आत्महत्या की आशंका

मुंबई, 11 सितंबर (वार्ता) मॉडल-अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा बुधवार पूर्वाह्न मुंबई के बांद्रा इलाके में अपने आवासीय भवन की छठी मंजिल से कथित तौर पर कूदने के बाद मृत पाये गये। मुंबई पुलिस ने यह जानकारी दी। बताया गया है कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। यह मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है । पुलिस का हालांकि कहना है कि इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है और फिलहाल कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा कि 62 वर्षीय सेवानिवृत्त मर्चेंट नेवी नाविक अरोड़ा के पूर्वाह्न 10.30 बजे के आसपास भवन के छठी मंजिल से कूदने की आशंका है। उनके परिवार में उनकी दो पुत्रियां मलाइका और अमृता तथा उनकी तलाकशुदा पत्नी जॉयस पॉलीक्रैप हैं। मलाईका जब 11 साल की थीं ,तब उनकी मां का पिता से तलाक हो गया था। पुलिस उपायुक्त, अपराध शाखा, राज तिलक रोशन ने कहा, '' अनिल अरोड़ा का शव मिला... वह छठी मंजिल पर रहते थे। हम सभी कोणों से विस्तार से आगे की जांच कर रहे हैं... प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या लग रही है।'' उन्होंने कहा, '' हमारी टीमें यहां हैं, फोरेंसिक टीमें भी यहां हैं, शव को पोस्टमॉर्टम के लिये ले जाया जा रहा है। '' यह घटना जब हुई, तब मलाइका पुणे में थीं। घटना के बारे में सुनकर वह, उनके अभिनेता मित्र अर्जुन कपूर और उनके पूर्व पति अरबाज खान मौके पर पहुंचे। घटना के बाद अरबाज खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान और उनके भाई सोहेल खान भी अरोड़ा के घर पहुंचे। सीमा सजदेह और निर्माता रितेश सिधवानी और सोफी चौधरी भी अरोड़ा के आवास पर पहुंचे।

पाकिस्तान भूकम्प से हिला, दिल्ली-एनसीआर में महसूस किये गये झटके

इस्लामाबाद/ नयी दिल्ली 11 सितंबर (वार्ता) पाकिस्तान में बुधवार को भूकंप के मध्यम दर्जे के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.8 मापी गयी। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये। पाकिस्तान में भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.8 मापी गयी। भूकंप के झटके अपराह्न 12.58 मिनट पर महसूस किये गये। इसका केन्द्र पाकिस्तान में इस्लामाबाद से 359 किलोमीटर दूर दक्षिण पश्चिम और अमृतसर से 415 किलोमीटर पश्चिम में 31.25 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.52 डिग्री दक्षिणी देशांतर पर जमीन की सतह से 33 किलोमीटर की गहराई में था। पाकिस्तान में आये भूकंप का असर भारत में भी दिखाई दिया। राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के स्थान, चंडीगढ़ समेत उत्तर भारत के विभिन्न हिस्सों में भी झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र ने यह जानकारी दी। एक महीने से भी कम समय में यह दूसरी बार दिल्ली में भूकंप के झटके महसूस किये गये। इससे पहले 29 अगस्त को 5.7 तीव्रता के भूकंप ने अफगानिस्तान को हिलाकर रख दिया था और भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर और राजस्थान तक झटके महसूस किये गये थे। इसका असर इस्लामाबाद, पंजाब के कुछ हिस्सों और खैबर पख्तूनख्वा प्रांतों सहित पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में भी महसूस किया गया।



आज का इतिहास

नई दिल्ली, 11 सितंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व में 12 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1217: फ्रांसीसी सम्राट लुइस ने इंग्लैंड के राजा हेनरी तृतीय से शांति समझौता किया। 1398: तैमूरी राजवंश का शासक तैमूर लंग सिंधु नदी के तट पर पहुंचा। 1635: स्वीडन और पोलैंड ने संघर्ष विराम संधि पर हस्ताक्षर किये। 1786: लार्ड कॉर्नवालिस भारत के गवर्नर जनरल और कमांडर इन चीफ बने। 1873: पहले व्यवहारिक टाइपराइटर की बिक्री शुरू। 1909: जर्मन रसायनशास्त्री फिंट्स हॉफमैन ने सिंथेटिक रबर का पेटेंट हासिल किया। 1922: पावो नुरमी ने 5000 मीटर दौड़ का विश्व रिकॉर्ड बनाया। 1923: दक्षिणी रोडेशिया (अब जिम्बाब्वे) पर ब्रिटेन ने कब्जा किया। 1928: फ्लोरिडा में भीषण तूफान से 6000 लोगों की मौत। 1931: महात्मा गांधी गोलमेज सम्मेलन में शामिल होने के लिए लंदन पहुंचे। 1938: एडॉल्फ हिटलर ने चेकोस्लोवाकिया के सुडेनलैंड क्षेत्र के जर्मनों के लिए स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता की मांग की। 1940: फ्रांस के लास्कॉक्स में गुफा चित्रों की खोज की गई। 1944: अमेरिकी सेना ने पहली बार जर्मनी में प्रवेश किया। 1948: भारतीय सेना ने हैदराबाद राज्य के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया। 1959: तत्कालीन सोवियत संघ का रॉकेट लूना 2 चांद पर पहुंचा। 1966: भारतीय तैराक मिहिर सेन ने डारडेनेल्स जलडमरूमध्य को तैरकर पार किया। 1968: अल्बानिया ने वारसा संधि से अलग होने की घोषणा की। 1977: दक्षिण अफ्रीकी विरोधी नस्लवादी कार्यकर्ता स्टीव बिको की पुलिस हिरासत में मौत। 1987: इथियोपिया ने अपना संविधान अपनाया। 1990 : पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी के एकीकरण के लिए अमेरिका, इंग्लैण्ड, फ्रांस, सोवियत संघ, पूर्व और पश्चिम जर्मनी ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। 1991: अंतरिक्ष शटल एसटीएस 48 अंतरिक्ष में छोड़ा गया। 1997: 43.5 करोड़ मील लम्बी यात्रा के उपरांत 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' यान मंगल की कक्षा में पहुंचा। 2000: न्यूयार्क में अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन प्रारंभ हुआ। 2001: अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ जंग का ऐलान किया। 2004: उत्तर कोरिया ने अपना परमाणु कार्यक्रम जारी रखने का निर्णय लिया। 2006: सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित अमेरिकी दूतावास पर हमला। 2007: रूस ने नॉन न्यूक्लियर वैक्यूम बम (इको फ्रेंडली बम) का परीक्षण किया। 2010: लेडी गागा और एमिनेम ने 27वां एमटीवी विडियो संगीत पुरस्कार जीता। 2012: एप्पल ने आई फोन 5 और आईओएस 6 लॉन्च किया। 2017: ब्रिटेन में जेरेमी कॉर्बिन लेबर पार्टी के नेता चुने गए।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	73900	चांदी-	84900
सिक्का-	96000	गिन्नी-	55150

आपका आज का राशिफल

बृहस्पतिवार, 12 सितम्बर, 2024

मेष- संकल्प सिद्धि का प्रयास, शुभ विचारों का उदय, आत्मिक शांति, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, भौतिक सुख के साधन सुलभ, उपहार या सम्मान का लाभ।

वृषभ- समस्याओं से परेशानी, भौतिक सुख में न्यूनता, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, स्पष्टवादिता घातक, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, जल्दबाजी का निर्णय अहितकर।

मिथुन- ग्रहयोग बेहतर, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, दाम्पत्य जीवन सुखमय, कठिनाइयों का निवारण, शुभ कार्य हेतु व्यय, धन का प्रतिफल प्राप्त, यात्रा सुखद।

कर्क- व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यक्तिगत समस्याओं का समापन, हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक कार्यों में सफलता, पुराने विवाद का समापन।

सिंह- सफलता का मार्ग प्रशस्त, लाभ का सिलसिला, विशिष्टजनों से सम्पर्क, नवसमाचार की प्राप्ति, परिवार में सुख-शांति, आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

कन्या- सोचे हुए कार्य अधूरे, मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, मित्रों से गलतफहमी, धनागम में बाधा, व्यर्थ भ्रमण से समय नष्ट।

तुला- सद्विचारों का उदय, योजना फलीभूत, पारिवारिक वातावरण अनुकूल, आपसी सद्भाव, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, उपहार या सम्मान का लाभ।

वृश्चिक- विचारित कार्यों में प्रगति, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक खर्च, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, प्रियजनों - मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन।

धनु- मनोभिलाषित योजना में अनुकूलता, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, किसी पुराने विवाद का समापन।

मकर- पूँजी का प्रतिफल न मिलने से अशांति, स्वास्थ्य में व्यवधान, आहार-विहार अनियमितता से कष्ट, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, इच्छित पद-प्राप्ति में अड़चनें।

कुम्भ- आत्मशक्ति विकास, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, आनन्द की अनुभूति, स्वाध्याय में रुचि।

मीन- कार्य-व्यवसाय में सफलता, सद्विचारों का उदय, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाउन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

ककराला में तालाब पर हुए अवैध अतिक्रमण को हटाया

मोरना, 11 सितम्बर (बु.)। मोरना में ककराला गांव की सीमा पर स्थित तालाब की भूमि पर अतिक्रमण करने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए। प्रशासन ने मौके पर जाकर जे सी बी द्वारा अस्थाई निर्माण को हटवाया। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा। कार्रवाई को लेकर गाँव में हड़कम्प मच गया। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव ककराला में मोरना की सीमा पर स्थित तालाब पर हुए अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर द्वारा अस्थाई निर्माण को हटा दिया। बुधवार को की गई कार्रवाई से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों द्वारा तालाब पर हुए अतिक्रमण की शिकायत की गयी थी। ग्रामीणों ने बताया कि तालाब पर गाँव के दर्जनों व्यक्तियों ने कब्जा कर रखा था, जिससे तालाब समाप्त होने की आशंका बनी हुई है। तालाब में गाँव की आबादी का गंदा पानी आता है। अतिक्रमण के कारण जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गयी है। शिकायत पर संज्ञान लेकर मौके पर पहुँची राजस्व विभाग की टीम ने जे सी बी मशीन द्वारा अतिक्रमण हटवाया। राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा ने जानकारी देकर बताया कि नायब तहसीलदार बृजेश सिंह के कुशल निर्देशन में मोरना ककराला गांव की सीमा पर स्थित वन्य जीव विहार के खसरा नम्बर 152 जिसका क्षेत्रफल 0.6250 लगभग 9 बीघा भूमि पर हुए अस्थाई निर्माण को हटवाया गया। इस दौरान स्थाई निर्माण पर धारा 67 की प्रत्यक्ष कार्रवाई की गयी है। कार्रवाई के दौरान भोपा पुलिस के अलावा राजस्व निरीक्षक ललित मोहन, हल्का लेखपाल सुरेशचंद, मनोज कुमार, दीपक मित्तल डिप्टी रेंजर, नन्द किशोर शर्मा आदि मौजूद रहे।

ईओ से शिकायत के बाद में नींद से जागा पालिका प्रशासन

रुड़की रोड स्थित पालिका भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को रोकने के दिए जेई को आदेश

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। रुड़की रोड पर पालिका भूमि पर अवैध कब्जा हो जाने के बावजूद पालिका द्वारा कोई कार्रवाई न होने के बाद महिला सभासद ने जब भूमि को लेकर एई निर्माण पर आरोप लगाते हुए शिकायत की, तो हड़कम्प मच गया। उधर, नगर पालिका प्रशासन भी नींद से जाग गया। इस मामले में एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने जेई कपिल कुमार को नोटिस देते हुए इस भूमि को कब्जा मुक्त कराने के साथ अवैध निर्माण को तत्काल रोकने के आदेश दिए। नगर के रुड़की रोड बिजली घर के समीप पालिका की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस मामले की शिकायत पालिका में की गई थी। बीते दिनों एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण भी किया। वार्ड सभासद सुनीता देवी का आरोप है कि इस मामले में एई निर्माण ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनके पति द्वारा भी एई निर्माण को फोन किया गया, लेकिन फिर भी कोई उचित कार्रवाई नहीं हो सकी। महिला सभासद ने मामले में पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से एई निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की, तब इस शिकायत के बाद एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने जेई कपिल कुमार को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने गथ्यूर से पत्रावली लेकर इस भूमि को कब्जामुक्त कराने, अवैध निर्माण रोकने के आदेश दिए है।

महर्षि वाल्मीकि मंदिर शाहपुर के जीर्णोद्धार का कार्य का विधिवत हवन से आरम्भ हुआ

शाहपुर, 11 सितम्बर (बु.)। कस्बे प्राचीन महर्षि वाल्मीकि आश्रम में निमार्णाधीन महर्षि वाल्मीकि मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य नगर के सामाजिक लोगों व वाल्मीकि समाज के सम्मानितजनों द्वारा विधि-विधान के साथ हवन-पूजन कर शुरू किया गया। हवन में समस्त वाल्मीकि समाज ने सम्मिलित होकर सहयोग किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल भाई जी, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री रूबी सैनी, शिव कुमार सैनी, समाजसेवी अरविंद पाल, सोनू नामदेव, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, मास्टर चतुर्वेदी, आदि वरिष्ठ समाजसेवी सम्मिलित रहे। हवन पूजन के मुख्य यजमान विक्की टांक, श्यामपाल मेहरा, शिवकुमार सैनी सपत्नीक रहे। हवन पूजन कार्य मे समस्त वाल्मीकि समाज के लोगों का विशेष योगदान रहा। उपस्थित सभी अतिथियों को कमैटी द्वारा तिलक लगा पटका पहनाकर सम्मानित किया। हवन के उपरांत हलवे का प्रसाद वितरित किया गया।

आरक्षण बचाने को दिल्ली रवाना हुआ दलित समाज

बुढ़ाना, 11 सितम्बर (बु.)। बुधवार की सुबह दलित समाज के काफी लोग सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण के आह्वान पर एक बस में बैठकर दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली जाने से पहले गांव बडौदा में एकत्रित हुए लोगों को संबोधित करते हुए सतीश भारती ने बताया कि आज दिल्ली में सांसद चंद्रशेखर के नेतृत्व में आरक्षण बचाओ आंदोलन हो रहा है, जिसमें दूर दराज के लाखों लोग शामिल होंगे। इस लड़ाई में हिस्सा लेने के लिए बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र से काफी लोग आज दिल्ली की और कूच कर रहे हैं। यह लड़ाई किसी विशेष पार्टी या किसी संगठन की नहीं है। यह लड़ाई समाज, हक, अधिकार व आरक्षण को बचाने की लड़ाई है। इसलिए आरक्षण को बचाने की इस लड़ाई में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और एक दूसरे की मदद करें। सभी लोग नई दिल्ली के रामलीला मैदान में ज्यादा से ज्यादा संख्या में समय पर पहुंचें और केन्द्र सरकार की आंखों को खोलने का काम करें। यहां से नई दिल्ली जाने वाले दलित समाज के लोगों में मुख्य रूप से अनुराग बावरा, संतलाल सागर, जोगिंद्र कुमार, राकेश जाटव, राजन जाटव, विक्की कुमार, डा. गोवर्धन, संदीप कुमार, बांके राम, हरपाल सिंह, मुकेश कुमार, शिव कुमार, सतबीर कुमार, अनुज कुमार, विनीत कुमार, प्रेम कुमार और अशोक कुमार आदि लोग रहे।

प्रसुता की मौत पर क्लीनिक संचालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

कैराना, 11 सितम्बर (बु.)। क्लीनिक संचालन का लाइसेंस व प्रसुता की मौत के संबंध में उपचार आदि के कागज उपलब्ध नहीं कराने पर एसीएमओ/नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने क्लीनिक संचालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। मौहल्ला आल खुर्द स्थित स्टार प्लस क्लीनिक पर गांव खुरगान निवासी रिजवाना की प्रसव के दौरान मौत हो गई थी। मामले में क्लीनिक संचालक पर लापरवाही के आरोप लगे थे। उक्त मामला सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर प्रसुता की मौत का मामला वायरल होने पर 30 अगस्त को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल डॉ. विनोद कुमार ने स्टार प्लस क्लीनिक पर पहुंचकर निरीक्षण किया था। मौके पर क्लीनिक संचालन का लाइसेंस व डिग्री नहीं मिलने पर एसीएमओ ने तीन दिन के अंदर क्लीनिक संचालन का लाइसेंस व प्रसुता की मौत के कागज उपलब्ध कराने के लिए नोटिस जारी किया था, लेकिन क्लीनिक संचालक नफीस द्वारा कागज उपलब्ध नहीं कराने पर संज्ञान लेते हुए नोडल अधिकारी डॉ. विनोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने क्लीनिक संचालक नसीम के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

डिवाइडर कूदकर जाने को मजबूर छात्र-छात्राएं

जानसठ, 11 सितम्बर (बु.)। कस्बे में पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोई कट नहीं है। कट ना होने की वजह से छात्र-छात्राएं जान जोखिम में डालकर डिवाइडर से कूदकर कर सड़क पार करने को मजबूर हैं। एनएचएआई की ओर से कस्बे के अंदर से पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कराया गया है, लेकिन खतौली तिराहे से लेकर तालड़ा मोड़ तक सड़क पार करने के लिए कोई कट नहीं दिया है, जो कट बनाए गए थे। उसको भी बंद कर दिया गया है, जिस कारण लोगों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। सड़क पार करने के लिए राजनीतिक लोगों और व्यापारियों ने कई बार एसडीएम सुबोध कुमार से मिलकर कट बनवाने की मांग की थी। इसके बावजूद भी राजमार्ग की सड़क पार करने के लिए कोई कट नहीं बनवाया गया है। सड़क पार करने के लिए कट नहीं होने की वजह से आम लोगों के अलावा स्कूल के छात्र व छात्राएं सड़क पार करने के लिए डिवाइडर से कूदकर सड़क पार करने को मजबूर हैं।

भरतिया कॉलोनी के मकान में सरकारी नाला होने के आरोप

▶ हिन्दूवादी संगठनों ने एमडीए पर किया प्रदर्शन, जांच की मांग

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। नई मंडी क्षेत्र के भरतिया कालोनी में दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा खरीदे गए मकान का विवाद दिन प्रतिदिन नए मोड़ ले रहा है। हिन्दू संघर्ष समिति के बैनर तले बुधवार को विवादित मकान में सरकारी भूमि होने के आरोपों के बीच एमडीए कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपते हुए जांच कराने की मांग की।

बुधवार को हिन्दू संघर्ष समिति संयोजक संजय मिश्रा के नेतृत्व में हिन्दूवादी संगठनों के प्रतिनिधि मंडल ने मेरठ रोड स्थित एमडीए कार्यालय पर पहुंच विरोध दर्ज कराया। एमडीए पहुंचे लोगों ने नई मंडी के भरतिया कालोनी में मौहम्मद नदीम व अन्य लोगों के द्वारा खरीद किए वाल्मीकि बस्ती के मकान की जांच कराये जाने को लेकर प्रदर्शन किया। व्यापारी नेता संजय मिश्रा ने बताया कि समिति की ओर से एमडीए के सचिव आदित्य प्रजापति को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मांग करते हुए उन्होंने एमडीए प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि इस मकान का जो बैनामा मौहम्मद नदीम आदि के द्वारा तहसील से कराया गया है, उसमें भूमि 333 वर्ग गज दर्शाते हुए पैमाइश 30 गुना 100 दर्शायी गयी है, जबकि मौहल्ले के लोगों ने इस मकान की भूमि की पैमाइश की तो यह करीब 475 वर्गगज बैठ रही है। उन्होंने कहा कि तथ्य छिपाते हुए मकान का बैनामा कराया गया है। साथ ही आरोप लगाया कि इस मकान के पास सरकारी नाले की भूमि को अवैध कब्जा करते हुए मकान में मिलाया गया है। हिन्दू संघर्ष समिति ने एमडीए से उक्त मामले में जांच कराकर सरकारी भूमि कब्जामुक्त कराने की मांग की। इस दौरान मुख्य रूप से नरेन्द्र पंवार साधु, ललित माहेश्वरी, अरूण प्रताप, मुकेश त्यागी, देवेन्द्र चौहान, अरूण शर्मा समेत अन्य हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गादला के जंगल में काटे गये वृक्षों को छोड़ कर फरार हुए चोर

भोपा, 11 सितम्बर (बु.)। गांव गादला के जंगल में पेड़ काटने के बाद चोर पेड़ छोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने जब खेत पर जाकर देखा, तो उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव गादला निवासी मोहम्मद राशिद ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गादला के जंगल के पास ही उसके खेत हैं। बुधवार की सुबह जब वह जंगल मे पहुंचा, तो वहां पांच पेड़ को कटे हुए देख वह हैरान रह गया। राशिद ने बताया कि चोरों द्वारा रात्रि में पेड़ काटने के बाद किसी कारण से चोर ट्रैक्टर-ट्राली में लकड़ियों के लट्ठों को लोड नहीं कर पाए और कटे हुए पेड़ मौके पर छोड़कर फरार हो गए। बुधवार की सुबह जब वह अपने खेत पर पहुंचा, तो उसने अपने पेड़ कटे हुए देखे और मामले की सूचना भोपा पुलिस को दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। भोपा पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल व आचार्यकुल के माध्यम से संत विनोबा भावे जयन्ती समारोह आयोजित

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बुस.)। आज ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल में विनोबा भावे जयन्ती का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यालय के अध्यक्ष मिलिंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष महेश गर्ग, प्रबंधक विनोद संगल, सह-प्रबंधक डॉ. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, डॉयरेक्टर एम.के. गुप्ता, प्रधानाचार्य आजाद वीर एवं हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान कोर्डिनेटर आशीष त्यागी (सीनियरविंग) उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजेश जैन, श्यामलाल बंसल मंत्री सत्संग भवन विशेष अतिथि, सारंगी जैन, जैन इंटर कॉलेज, प्रबंधक विनोद संगल, डॉयरेक्टर एम.के. गुप्ता, ममता चौहान हेडमिस्ट्रेस ग्रेन चैंबर पब्लिक स्कूल स्मृति चिह्न देकर, पट्का शाल व मैडल पहनाकर सम्मानित किया। कंचन सोनी, लता गुप्ता, सुनीता शर्मा, नैना कुच्छल, ममता भटनागर, रश्मि पालीवाल, मनीषा गर्ग, मीनाक्षी लूथरा, बिंदिया त्यागी, शालिनी, बालेश, संगीता जैन, नीरज कुमार सम्मानित किया। होतीलाल शर्मा मुख्य वक्ता प्रांतीय अध्यक्ष आचार्यकुल, चौधरी राजवीर सिंह जिला अध्यक्ष आचार्यकुल, शिवकुमार धीमान जिला उपाध्यक्ष आचार्यकुल, सत्य प्रकाश शर्मा जिला उपाध्यक्ष आचार्यकुल, आचार्य सीताराम कोषाध्यक्ष आचार्यकुल, रीता शर्मा, उमा चौधरी, पूनम मार्शल, अर्चना गोयल, रमा शर्मा, अलका सैनी, रुक्मणी भारद्वाज, रेणुका जैमिनी, अरुण बाला, सुभाष सैनी, डॉ. सुनील शर्मा, अशोक गुप्ता, सुभाष भारती, विनोद शर्मा आर.बी.शर्मा, ईश्वर चन्द्र, राकेश गुप्ता उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय की हेडमिस्ट्रेस ममता चौहान ने युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मंच का संचालन आचार्य होतीलाल ने किया।

राजकुमार यादव ने वसी अंसारी का उपाध्यक्ष बनने पर स्वागत

मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व मंत्री राजकुमार यादव के आवास पर समाजवादी पार्टी अधिवक्ता सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिला बार संघ के पूर्व अध्यक्ष वसीअंसारी एडवोकेट का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर राजकुमार यादव ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती से आगे बढ़ रही है और भाजपा की गलत नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रही है। वसी अंसारी ने कहा कि उन्हें अखिलेश यादव के साथ राजकुमार यादव का आशीर्वाद मिला है। वे उन्हें मिली जिम्मेदारी को पूरी क्षमता से निभाएंगे। इस मौके पर मुफ्ती जुल्फिकार ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया।

84 साल को मिली आजीवन तो बोला साहब जेल से बेहतर फांसी दे दो

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दोषी को क्या सजा दी जाएगी, ये तय करना उसका अधिकार नहीं है। 84 साल के स्वामी श्रद्धानंद उर्फ मुरली मनोहर मिश्रा पत्नी की हत्या के मामले में 30 साल से जेल की सजा काट रहे हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उनसे पूछा कि क्या वे सजा को फांसी में बदलना चाहते हैं? इस सवाल पर श्रद्धानंद के वकील ने कहा कि उन्हें मौत होने तक कैद की सजा दी गई जो फांसी की सजा से भी बदतर है। इस पर दोषी की ओर से पेश वकील वरुण ठाकुर से कोर्ट ने पूछा, क्या आपने अपने मुवक्किल से बात की है? वकील ने जवाब दिया कि मैंने उनसे बात नहीं की है। वकील के मुताबिक श्रद्धानंद को दी गई सजा, तत्कालीन कानून- भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत नहीं थी। दोषसिद्धि न्यायिक स्वीकारोक्ति पर आधारित थी।

राहुल का आरक्षण संबंधी बयान गुमराह करने वाला: मायावती

लखनऊ, 11 सितम्बर (वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि कांग्रेस शुरु से ही आरक्षण के खिलाफ रही है और श्री राहुल गांधी का बयान गलत और गुमराह करने वाला है। सुश्री मायावती ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस शुरु से ही आरक्षण के विरोध में रही है और समाजवादी पार्टी (सपा) उसकी बराबर की साझीदार है। उन्होंने पोस्ट किया कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी की अब यह सफाई कि वे आरक्षण के विरुद्ध नहीं हैं स्पष्टतः गुमराह करने वाली गलतबयानी। केन्द्र में बीजेपी से पहले इनकी 10 साल रही सरकार में उनकी सक्रियता में इन्होंने सपा के साथ मिलकर एससी/एसटी का पदोन्नति में आरक्षण बिल पास नहीं होने दिया इसका यह प्रमाण। सुश्री मायावती ने कहा कि इनके द्वारा देश में आरक्षण की सीमा को 50 प्रतिशत से बढ़ाने की बात भी छलावा, क्योंकि इस मामले में अगर इनकी नीयत साफ होती तो कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों में यह कार्य जरूर कर लिया गया होता।

शाहपुर में इंस्पेक्टर बृजेश शर्मा को विदाई, सुनील कसाना का अभिनंदन

शाहपुर, 11 सितम्बर (बु.)। थाना परिसर में आज नवनियुक्त थाना अध्यक्ष सुनील कसाना का पुलिसकर्मियों एवं जन प्रतिनिधियों ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तथा थाना शाहपुर से खतौली भेजे गए इंस्पेक्टर बृजेश कुमार शर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी, भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र बालियान, ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र सिंह बालियान, सभासद वकीला बेगम, एसएसआई नन्द किशोर व नगर चौकी प्रभारी रविन्द्र सिंह यादव व वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, संदीप जैन, सचिन सगंल, सचिन धवन, रविन्द्र कुमार, पीयूष शर्मा, सौरभ त्यागी के अलावा अन्य सामाजिक लोग भी उपस्थित रहे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने कहा कि पुलिस की कार्य प्रणाली ही उसका परिचय है। बीके शर्मा मेहनती पुलिस अधिकारी हैं और कांवड़ यात्रा के दौरान उन्होंने रात-दिन मेहनत करके उस ऐतिहासिक आयोजन को सफल कराया। बीके शर्मा ने कहा कि शाहपुर की जनता ने उनका भरपूर सहयोग किया। उसी के चलते क्षेत्र में पुलिस का इकबाल बुलंद कर पाए। नवनियुक्त थाना अध्यक्ष सुनील कसाना ने कहा कि जन सहयोग के बिना पुलिस अपराध पर काबू नहीं पा सकती। उन्होंने उपस्थित नागरिकों एवं मीडिया कर्मियों से नवनियुक्त थानाध्यक्ष को भी सहयोग करने की अपील की।

पूर्व विधायक की फेसबुक पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले आरोपित नहीं हुए गिरफ्तार

विक्रम सैनी के लिए फर्जी फेसबुक आईडी से की गई थी अमर्यादित टिप्पणी

जानसठ, 11 सितम्बर (बु.)। पुलिस ने फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी के बारे में अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने की पोस्ट करने के मामले में नामजद भाजपा के युवा नेता सहित दो आरोपितों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति काफी दिनों से फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर पूर्व विधायक विक्रम सिंह सैनी की आईडी पर अमर्यादित भाषाओं का प्रयोग कर रहा था। पूर्व विधायक की शिकायत पर एसएसपी ने इस मामले की जांच साइबर क्राईम को सौंपी थी। जांच पड़ताल करने पर पता चला था कि इस फर्जी फेसबुक आईडी को कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहलकी निवासी उम्मेद पुत्र फहीमुद्दीन चला रहा है। पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि खतौली के भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अभिषेक रहेजा ने भी इस फर्जी फेसबुक आईडी पर भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी के खिलाफ भी गलत पोस्ट की थी। विगत दिवस एसएसपी के आदेश पर पूर्व विधायक के शिकायती पत्र पर पुलिस ने खतौली के रहने वाले भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अभिषेक रहेजा और गांव मेहलकी के निवासी उम्मीद पुत्र फहीमुद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। इस मामले में दोनों नामजद आरोपितों को अभी तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। सीओ यतेंद्र सिंह नागर का कहना है कि दोनों नामजद आरोपितों की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस की इस मामले में विवेचना चल रही है।

गर्भवती को इलाज नहीं मिलने पर झारखंड सरकार को नोटिस

नई दिल्ली, 11 सितंबर (वार्ता)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने मंगलवार को झारखंड सरकार को एक नोटिस जारी कर जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल में एक गर्भवती महिला को इलाज नही मिलने की घटना पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। नोटिस में उस घटना के संबंध में झारखंड सरकार से रिपोर्ट मांगी गई जिसमें जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल में प्रसव पीड़ा से जूझ रही एक महिला को 27 घंटे तक बिना इलाज के फर्श पर छोड़ दिया गया था। जिससे उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। आयोग ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले पर एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा कि रिपोर्ट में पीड़ित महिला के स्वास्थ्य की स्थिति और सरकारी अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता के साथ-साथ अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी मांगी गई है।

साइबर सुरक्षित भारत अभियान से जुड़े अमिताभ बच्चन

नई दिल्ली, 11 सितम्बर (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि जाने माने सिने कलाकार अमिताभ बच्चन भी सरकार के साइबर सुरक्षित भारत के अभियान को मजबूत बनाने के लिए इससे जुड़ गये हैं। श्री शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में श्री बच्चन का साइबर सुरक्षा से जुड़ा एक वीडियो साझा करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय देश में सुरक्षित साइबर स्पेस निर्माण के लिए कृत संकल्प है। उन्होंने कहा कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र आई 4 सी ने इस दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने साइबर-सुरक्षित भारत के निर्माण के मिशन को गति प्रदान करने में श्री बच्चन के सक्रिय योगदान के लिए उनका आभार प्रकट किया। श्री बच्चन ने अपने एक वीडियो संदेश में कहा है कि देश और दुनिया में बढ़ रहा साइबर अपराध चिता का विषय है। गृह मंत्रालय का भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र इसके नियंत्रण में कार्य कर रहा है।

मुरादाबाद रेल मंडल की 14 मुख्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित

मुरादाबाद, 11 सितंबर (वार्ता)। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के आलमनगर - शाहजहांपुर रेलखंड पर उमरताली - दलेल नगर के मध्य (ओएचई) तकनीकी खराबी के चलते 14 मुख्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। रेलगाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से संचालित किया जा रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बुधवार को बताया कि आलमनगर - शाहजहांपुर रेलखंड में उमरताली- दलेल नगर के मध्य (ओएचई) में आई अचानक तकनीकी खराबी के चलते मुरादाबाद मंडल से संचालित होने वाली 14 ट्रेनों का रुट डायवर्ट कर शार्ट टर्मिनेट, शार्ट ओरिजनेट, रिशड्युल रेग्युलेट किया गया है। प्रभावित होने वाली रेलगाड़ियों में मुख्य रूप से ट्रेन नंबर 22545 (लखनऊ - देहरादून वंदे भारत एक्सप्रेस) 11 सितंबर को परिवर्तित मार्ग लखनऊ - डालीगंज - सीतापुर - बरेली से चलाया जा रहा है।

वियतनाम में तूफान यागी के कारण 141 लोगों की मौत, 59 लापता

हनोई, 11 सितंबर (वार्ता)। वियतनाम के उत्तरी क्षेत्र में बुधवार सुबह तक तूफान यागी तथा उसके कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से 141 लोगों की मौत हो गई जबकि 59 लोग लापता हैं। यह जानकारी कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने बताया कि मृतकों में से 29 काओ बांग प्रांत से, 45 लाओ चाए प्रांत से और 37 येन बाई प्रांत से हैं। वियतनाम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, तुयेन क्वांग प्रांत के स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार रात पुष्टि की कि नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण क्वेट थांग कम्यून से गुजरने वाली लो नदी का बांध टूट गया है। राष्ट्रीय जल-मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने आज सुबह बताया कि राजधानी हनोई में रेड नदी पर बाढ़ का स्तर तीन स्तरों में से चेतावनी स्तर 2 को पार कर लिया है और इसके उच्चतम स्तर तक पहुंचने का अनुमान है।

कांग्रेस एससी आरक्षण हटाकर मुसलमानों को देना चाहती है: भाजपा

नई दिल्ली, 11 सितंबर (वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अमेरिका में अपनी उस छिपी मंशा का इज़हार किया है कि कांग्रेस अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग के लिये आरक्षण हटाकर मुसलमानों को देना चाहती है। भाजपा के आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि राहुल गांधी ने अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुये यह स्पष्ट कर दिया कि वह अंततः 'आरक्षण खत्म' करेंगे। इससे पता चलता है कि श्री राहुल गांधी की जाति जनगणना तथा पिछड़ों और हाशिये पर पड़े लोगों को सशक्त बनाने की बात सिर्फ एक दिखावा है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार नहीं है कि नेहरू गांधी परिवार ने आरक्षण को कमजोर किया है या सामाजिक रूप से वंचित लोगों के लिए सकारात्मक कार्यों को अपमानित किया है। यहां नेहरू से लेकर इंदिरा व राजीव गांधी तक की महत्वपूर्ण घटनाओं का कालक्रम है, जो एससी, एसटी और ओबीसी के प्रति उनके और कांग्रेस के तिरस्कार को सामने लाता है। श्री मालवीय ने कहा कि राजीव गांधी ने 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट को खारिज कर दिया था।

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

महबूबा मुफ़्ती, मल्लिकार्जुन खड़गे

कश्मीर चुनाव में नेताओं की बयानबाजी तेज हो रही है। राशिद इंजीनियर की जमानत पर भी बयान दिए जा रहे है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी भाजपा नेताओं के जेल में जाने की बात कही है। नेताओं को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दिए जाने और न दिए जाने पर भी कानून के जानकार और नेता अपनी-अपनी राय पेश कर रहे हैं। कानून के जानकार कह रहे हैं कि भारत की जेलों में ऐसे बहुत से कैदी हैं, जो अपने ऊपर लगे आरोपों में मिलने वाली सजा से भी अधिक समय से कैद हैं, लेकिन उनकी रिहाई नहीं हुई, जबकि जेल अपवाद है और जमानत नियम। कानून के जानकार यह भी कह रहे हैं कि जब भ्रष्टाचार और आतंकियों को फंडिंग करने के आरोपियों को जमानत मिल सकती है, तो ऐसे सभी अपराधियों को जमानत मिल जानी चाहिए, वे सवाल उठाते हैं कि क्या उन्हें जमानत इसलिए नहीं मिलती कि वे बड़े वकीलों तक नहीं पहुंच पाते? केजरीवाल और राशिद इंजीनियर की जमानत पर अन्य संस्थाओं की ओर से भी सवाल उठाए जा रहे हैं। महबूबा मुफ़्ती ने भी राशिद इंजीनियर की जमानत पर सवाल उठाए हैं। महबूबा मुफ़्ती ने कहा, काश इंजीनियर राशिद को पार्लियामेंट सेशन के दौरान बेल मिल गई होती, जिससे वो अवाम की बात कर पाते। उन्हें चुनाव के दौरान वोट माँगने के लिए रिलीज किया गया, अच्छी बात है, लेकिन हजारों नौजवान जो जेलों में इसी तरह बंद हैं, उन्हें भी जमानत मिले, उन्हें रिलीज करें। महबूबा मुफ़्ती कहती हैं, इस घटनाक्रम पर शक होता है। नौजवान जो जेल में हैं, उनके मां-बाप को भी उनसे मिलने नहीं दिया जाता है और इंजीनियर राशिद न केवल खुद जेल से चुनाव लड़े, उन्हें उम्मीदवार ढूंढने की भी जरूरत नहीं पड़ती है, उन्हें वोट काटने के लिए मैदान में उतारा गया है। वो तो खुद जेल में थे तो ये उम्मीदवार किस एजेंसी ने चुनाव में उतारे? दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने बारामूला सांसद इंजीनियर राशिद को 2 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दी है। इंजीनियर राशिद को आतंकवाद की फंडिंग के आरोप में यूएपीए के तहत साल 2019 में गिरफ़्तार किया गया था। राशिद अवामी इत्तेहाद पार्टी के संस्थापकों में से एक हैं। महबूबा मुफ्ती ने यह सवाल भी उठाया कि राशिद के पास चुनाव लड़ने के लिए इतना पैसा कहां से आया। महबूबा मुफ़्ती ने कहा, एक तरफ, जेल में बंद किसी गरीब व्यक्ति के माता-पिता को उससे मिलने की इजाजत नहीं है, लेकिन दूसरी तरफ, कुछ लोग जेल से चुनाव लड़ रहे हैं, पार्टियां बना रहे हैं, उन्हें वाहन और सुरक्षा मुहैया करायी जा रही है। जब वे हमारे उम्मीदवार पर हमला करते हैं, तो पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करने नहीं करती। दूसरी ओर चुनाव आयोग हमारे उम्मीदवार को नोटिस भेजता है। इससे आपको जेल के अंदर से चुनाव लड़ने वाले शख्स के बारे में पता चलता है कि वह किसकी तरफ से है। उमर अब्दुल्ला ने भी इंजीनियर राशिद पर निशाना साधते हुए उन्हें बीजेपी का सहयोगी बताया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जेल में बंद सांसद इंजीनियर राशिद को कश्मीर के लोगों से वोट लेने के लिए जमानत दी गई है, न कि उनकी सेवा करने के लिए। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद इंजीनियर राशिद को वापस तिहाड़ जेल ले जाया जाएगा और उत्तरी कश्मीर के लोग एक बार फिर प्रतिनिधि विहीन हो जाएंगे। अब्दुल्ला ने कहा कि यह देखना बाकी है कि मतदाता राशिद की अंतरिम जमानत पर क्या प्रतिक्रिया देंगे और चुनाव में इसका क्या प्रभाव पड़ेगा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती द्वारा इंजीनियर राशिद की अवामी इत्तेहाद पार्टी को भाजपा का प्रॉक्सी बताने के बारे में पूछे जाने पर, उमर अब्दुल्ला ने कहा कि वह इस मुद्दे पर बहुत सतर्क हैं। उन्होंने कहा, यह अच्छा है कि महबूबा ने खुले तौर पर वह बात कह दी, जिससे बहुत सारे लोग इत्तेफाक रखते हैं। जम्मू-कश्मीर में रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर 20 सीटें और आ जातीं तो ये सब जेल में होते। खड़गे ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के गठबंधन को मजबूत बताया। इस पर भाजपाइयों का कहना है कि जमानत पर चल रहे नेताओं की पार्टी का नेता जिस पर कुछ आरोप भी हैं वो भी अपने नेता राहुल की तरह अनाप शनाप बयान दे रहा है। खड़गे ने कहा, कहां गए 400 पार वाले? वो लोग 240 सीट पर सिमट गए। अगर हमारी 20 सीटें और आ जातीं तो ये सारे लोग जेल में होते। ये लोग जेल में रहने के लायक हैं। बीजेपी भाषण तो बहुत देती है, लेकिन काम और कथनी में बहुत अंतर होता है। बीजेपी चाहे जितनी कोशिश कर ले, कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन कमजोर नहीं होगा। हमने संसद में अपनी ताकत दिखाई है। हम उसी ताकत के साथ आगे बढ़ेंगे। इस पर जम्मू के भाजपा नेताओं का कहना है कि इन्होने संसद में झूट की ताकत और ड्रामेबाजी की ताकत दिखाई है और इनके बयान से लग रहा है कि ये आगे भी इसी मुँह जोरी की ताकत से आगे बढ़ेंगे। खड़गे ने कहा,बीजेपी यहां पर लोगों को तोड़-फोड़कर हिंदू-मुस्लिम को बांटने की कोशिश कर रही है, लेकिन इनकी कोशिश, जिंदगी में कभी कामयाब नहीं होगी। ऐसे बीजेपी और आरएसएस के हजारों कार्यकर्ता आएंगे और चले जाएंगे। यहां के लोग झुकने वाले नहीं हैं। कांग्रेस पार्टी यहां के लोगों के साथ है। हम सब एक हैं और हमेशा एक रहेंगे। खड़गे ने कहा, कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस का गठबंधन देखने के बाद बीजेपी बौखला गई है। इसलिए बीजेपी जम्मू-कश्मीर की लिस्ट बार-बार बदल रही है। इतना घबरा गए हैं, दो-तीन लिस्ट बदल दी है। बगावत शुरू हो गई है। इससे पता चलता है कि इंडिया गठबंधन की एकता से वो लोग कितना डरे हुए हैं। खड़गे ने जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए पांच गारंटी की घोषणा की, जिसमें महिला उद्यमियों के लिए पांच लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण और प्रति परिवार 25 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा शामिल है, अगर कांग्रेस-एनसी गठबंधन केंद्र शासित प्रदेश में सत्ता में आता है। दक्षिण कश्मीर के इस शहर में गठबंधन उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए खड़गे ने यह भी कहा कि कांग्रेस-एनसी सरकार परिवार की महिला मुखिया को 3,000 रुपये मासिक देगी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से प्रति व्यक्ति 11 किलोग्राम अनाज दिया जाएगा।

चार तीर

सुनील उत्सव

"समय" "अक़्ल" "बुद्धि" "बन्दा"

समय ही चोट करता है,समय राहें दिखाता है,
समय ही अक़्ल देता है, समय बुद्धू बनाता है।
मगर कुछ लोग होते हैं, जिन्हें आती नहीं बुद्धि,
उन्हें बन्दा बनाने में,समय भी हार जाता है।

शाहपुर नगर पंचायत की बोर्ड बैठक में तीन करोड़ के प्रस्तावों पर मुहर लगी

- चेयरमैन अकरम कुरैशी ने त्यौहारों पर विशेष साफ-सफाई के दिये निर्देश

शाहपुर, 11 सितम्बर (बु.)। नगर पंचायत की बोर्ड मीटिंग में सभासदों द्वारा अपने-अपने वार्डो के विकास के लिए प्रस्ताव दिए गए, जिन्हें नगर पंचायत के बाबू सतीश के द्वारा लिखा गया। नगर पंचायत में करोड़ों रुपए की विकास कार्यों के प्रस्ताव सौंपे गए, जिसमें मुख्य रूप से सीसी सड़क निर्माण कार्य एवं नगर पंचायत में एक मीटिंग हॉल बनाए जाने का प्रस्ताव मोहसिन रंगरेज के द्वारा दिया गया तथा वार्ड नंबर 9 से सभासद गुलसाना पत्नी अब्दुल कलाम अंसारी नगर पंचायत की खसरा संख्या 660 पर सामुदायिक केंद्र एवं सार्वजनिक शौचालय बनाए जाने का प्रस्ताव दिया। वार्ड नं 4 से सभासद वकीला ने मौहल्ला कस्साबान में एक मिनी टयूबवेल लगाए जाने का प्रस्ताव दिया। चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने कस्बे में मुख्य मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का प्रस्ताव रखा। चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने त्यौहारों के मध्य नजर सफाई नायकों को आदेश दिया कि कस्बे में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था की जाए व मुख्य बाजारों में दोपहर एवं शाम के समय भी कूड़ा उठाने की व्यवस्था की जाए। नगर पंचायत कार्यालय में आज नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड की बैठक में करोड़ों के प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें सड़कों का निर्माण नालों की मरम्मत, पौधारोपण, खराब फ्रीजर की मरम्मत करना अथवा खराब स्थिति में पहुंचे फ्रीजर की जगह नया लगवाने आदि शामिल है। नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित बैठक में वार्ड 6 के सदस्य विशाल गर्ग ने प्रस्ताव रखा कि मेन रोड पर बने नाले की मरम्मत कराई जाए तथा उसके वाटर लेवल को ठीक किया जाए। शिव मंदिर पर लगे फ्रीजर को बदलवाया जाए। सोनू सैनी ने डिवाईडर की सफाई कराने तथा सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव रखे। मनोज सैनी सभासद ने अपने वार्ड में सड़कों का निर्माण कराए जाने के प्रस्ताव रखें। वकीला बेगम ने अपने वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने एवं सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव रखें। जिला योजना समिति की सदस्य एवं वार्ड सभासद मुशतरी बेगम ने अपने वार्ड में सड़कों का निर्माण कराए जाने के प्रस्ताव रखें। लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए के प्रस्ताव पारित किए गये। बैठक में मनोज अरोरा, विशाल गर्ग, सोनू सैनी मनोज सैनी, सतीश पाल, वकीला बेगम, आसिफ सलमानी, सभासद नीतू पत्नी बुद्ध प्रकाश एवं मोनिका पत्नी रीनू समेत सभी सभासद मौजूद रहे। संचालन सतीश पंवार ने किया।

237 शिक्षकों की समायोजन सूची में 128 ने कराई आपत्ति

- बेसिक शिक्षा विभाग ने 22 शिक्षकों के हटाए सूची से नाम

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। बेसिक शिक्षा विभाग में समायोजन नीति के तहत शिक्षकों को चयनित किया गया है। ऐसे में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे विद्यालयों में मानकों से कई अधिक शिक्षकों की तैनाती के बीच 237 शिक्षकों के समायोजन की तैयारी है, लेकिन इससे पूर्व ही शिक्षकों ने आपत्तियां विभाग को दे दी हैं। प्राप्त 128 आपत्तियों में सबसे ज्यादा आपत्तियां खतौली ब्लॉक के शिक्षकों की है। शासन के आदेश पर समायोजन प्रकिया में प्राथमिक विद्यालयों में मानक से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाओं संख्या को कम कर कम शिक्षकों वाले विद्यालयों में भेजे जाने की प्रक्रिया बीएसए कार्यालय में शुरू है। इसमें प्राथमिक विद्यालयों में 237 शिक्षकों को समायोजन की सूची के लिए चुना गया है, जिसमें 27 प्रधानाध्यापक शामिल है। इन शिक्षकों की सूची सार्वजनिक करते हुए आपत्तियां मांगी है, जिसमें विभाग को 128 शिक्षकों की आपत्तियां प्राप्त हुई है। इन शिक्षकों में सबसे ज्यादा बीमारी का विवरण देकर समायोजन नहीं करने की गुहार लगाई है। विभाग ने अभी 22 शिक्षकों की आपत्ति स्वीकार कर ली है। जिले में होने वाले 237 शिक्षकों के समायोजन में 128 आपत्तियों में 22 आपत्ति स्वीकृत हुई हैं, इसमें सदर ब्लॉक से 2, बघरा, जानसठ व शाहपुर से 3-तीन, बुढ़ाना से 4, खतौली से 7 आपत्तियां स्वीकार करते हुए उनका नाम समायोजन सूची से हटा दिया है।

इन्होंने कुछ यूं कहा...

बीएसए संदीप कुमार ने कहा कि जिले के प्राथमिक विद्यालयों से 237 शिक्षकों के समायोजन की सूची तैयारी हुई है, इनमें 128 शिक्षकों ने आपत्तियां दर्ज की है वहीं कुछ शिक्षकों की आपत्तियां स्वीकृत होने के साथ अन्य की जांच अभी चल रही है।

संदीप कुमार
बीएसए

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा महिला की शिकायत पर पुरकाजी स्थित कुमार क्लीनिक सील

पुरकाजी, 11 सितम्बर (बु.)। ग्राम बरला थाना छपार निवासी महिला द्वारा पुरकाजी स्थित कुमार क्लीनिक के डॉ. पर अपने पुत्र के उपचार में लापरवाही बरतने का आरोप लगा सीएमओ से शिकायत कर डॉ. के विरूद्ध कार्यवाही की मांग की थी। महिला ने गत दिनों क्लीनिक पर आकर हंगामा करते हुए चिकित्सक पर आरोप लगाया था कि गलत उपचार के कारण उसके बच्चे की हालत बिगड़ी है, जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। सीएमओ के निर्देश पर पिछले बृहस्पतिवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. अशोक कुमार के नेतृत्व में टीम आरोपी डाक्टर के क्लीनिक पर जांच करने आयी थी। मगर डॉक्टर के क्लीनिक पर न मिलने के कारण वापस लौट गयी थी। बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्लीनिक सील कर दिया। पुरकाजी प्रभारी चिकित्सक डॉ. सुमित कुमार ने बताया कि सीएमओ के आदेश पर क्लीनिक सील करने की कार्यवाही की गई है। स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा क्लीनिक संचालक को नोटिस देकर तीन दिन में अपना रजिस्ट्रेशन दिखाने के निर्देश दिये गये हैं।

गांधी कालोनी-सुभाष नगर में बढ़ रहा बंदरों का आतंक

- डीएम व चेयरपर्सन से की अधिवक्ता ने पकड़ने की मांग

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। प्रेमपुरी के बुजुर्ग के सड़कों पर किए प्रदर्शन के बाद बुधवार को गांधी कालोनी सुभाषनगर के अधिवक्ता ने डीएम को सौंपे गए शिकायती पत्र में बंदरों से मुक्ति दिलाने की मांग की है। डीएम को सौंपे गए शिकायती पत्र की प्रति पालिका चेयरपर्सन को देने के साथ क्षेत्र में बंदरों से होने वाली घटनाओं की ओर भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है। गांधी कालोनी सुभाष नगर वार्ड 35 के निवासी अधिवक्ता ललित कुमार का कहना है कि नगर क्षेत्र में तेजी से बढ़ती बंदरों की संख्या से महिलाओं व बच्चों का सड़क व छत पर जाना दुभर हो गया है, वहीं उक्त आतंकी बंदरों के कारण लोगों को आए दिन भारी नुकसान हो रहा है। ऐसे में जहां छतों पर रखे सामान व गमलों को तोड़ने की घटनाएं बढ़ रही है, वहीं छत पर कपड़ों को सुखाना मुश्किल हो गया है। अधिवक्ता ने स्कूल जाने के लिए बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल होने के साथ बंदरों द्वारा किए हमले से रोज व्यक्ति व बच्चे आतंक के साए में जीने को विवश हैं। ऐसी स्थिति में इन बंदरों को पकड़ना बहुत ही जरुरी हो गया है। अधिवक्ता ने शिकायती पत्र की प्रति नगरपालिका चेयरपर्सन को भेजते हुए इस ओर ध्यान दिए जाने की मांग की है।

सहायक उपकरणों के लिए दिव्यांग बच्चों का चयन, मिलेंगे उपकरण

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। समग्र शिक्षा के अन्तर्गत जिले में संचालित समेकित शिक्षा में दिव्यांग बच्चों को राज्य परियोजना निदेशक द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समग्र शिक्षा मुजफ्फरनगर एवं एलिम्को कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में बीएसए संदीप कुमार के निर्देशन में नगर क्षेत्र में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कैम्पस में स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका में कक्षा 1 से 8 तक स्कूलों में अध्ययनरत 6 से 14 आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के पंजीकरण शिविर का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी अमरवीर सिंह सहवाग एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सुशील कुमार ने किया। कैम्प में एलिम्को कानपुर के आर्थोटिक एंड प्रोस्थोटिक विशेषज्ञ अश्वनी कुमार, किशन कुमार ऑडियोलॉजिस्ट ने दिव्यांग बच्चों का परीक्षण व उपकरणों को चिन्हित किया। कैम्प में 245 बच्चों का पंजीकरण किया तथा 209 बच्चों को 278 उपकरणों जिसमें 13 ट्राईसाइकिल, 35 व्हील चेयर, 56 हियरिंग ऐड, 92 टीएल किट, 16 बैशाखी, 16 सीपी चेयर, 26 रोलेटर, 7 ब्रेल किट, 5 ब्रेल स्लेट एवं 60 कैलीपर, 1 प्रोस्थेसिस को चिहिंत किया। समन्वयक समेकित शिक्षा सुशील कुमार ने बताया कि शासन द्वारा जनपद में दो कैम्प आयोजन के बीच एक कैंप पुरकाजी में आयोजित किया गया था। दोनों कैम्पों में 237 बच्चों को 347 उपकरणों हेतु चिन्हित किया गया है, जिन्हें 22 व 23 नवम्बर को उपकरण वितरण किया जायेगा। कैंप खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र मुजफ्फरनगर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्पेशल एजुकेटर संजीव कुमार, रामभूल, दिनेश कुमार, आदित्य प्रकाश, रेनू, पूनम, प्रमिता एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन बबीता का विशेष योगदान रहा।

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के महासदस्यता महापर्व का शुभारम्भ

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए सदस्यता अभियान के तहत सहकारिता प्रकोष्ठ जनपद मुजफ्फरनगर ने गांधीनगर स्थित पार्टी कार्यालय पर भव्य कार्यक्रम के साथ महासदस्यता-महापर्व 2024 का शुभारम्भ किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ डीके शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिनका जिला सहकारी बैंक सभापति रामनाथ सिंह ने बुके व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. सुधीर सैनी ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए सदस्यता अभियान की सफलता का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि डॉ. डीके शर्मा ने अभियान का उद्घाटन करते हुए कहा कि भाजपा एक विस्तृत नेटवर्क वाला राजनैतिक एवं सामाजिक संगठन है, जिसकी पहुंच प्रत्येक गाँव, गली व मौहल्ले तक है। इस सुदृढ नेटवर्क व कार्यकर्ताओं के संगठनात्मक कौशल का लाभ लेकर सदस्यता अभियान के अन्तर्गत अधिक से अधिक लोगों को पार्टी सदस्यता ग्रहण कराने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि सदस्यता अभियान में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिये लक्ष्यों को मुजफ्फरनगर के सहकारिता प्रकोष्ठ को दिये लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में जिले की सभी सहकारी संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों में जिला विकास संघ अध्यक्ष पवन तरार, जिला संयोजक सहकारिता विजय प्रजापति, क्रय विक्रय समिति सभापति अनीता वर्मा, उपभोक्ता संघ अध्यक्ष राजवीर कश्यप, जिला सहकारी बैंक के उपसभापति मुकेश कुमार जैन एवं संचालक राजू अहलावत, अमित चौधरी, दिनेश कुमार, बिजेन्द्र मलिक, आशीष चौधरी, अनार सिंह, दिनेश कुमार, संजीव कुमार, आशीष त्यागी, इन्द्रपाल सिंह तथा पंकज पाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मुजफ्फरनगर जिले में भाजपा कार्यकर्ताओं की बढ़ती सक्रियता

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। भाजपा के नेता यशपाल बालियान ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सदस्यता अभियान में सदस्यों के नवीनीकरण करने और नए सदस्य बनाने का कार्य जोरों पर है। मुजफ्फरनगर जिले में भी कार्यकर्ताओं की सक्रियता उम्मीद से कहीं अधिक दिख रही है। एक माह पूर्व तक जिले में उदास व हतोत्साहित दिखाई देने वाला कार्यकर्ता आज फिर पूरे मनोवेग व ऊर्जा के साथ भाजपा संगठन की बातें करना व सरकार की नीतियों की जानकारी देता दिखता है, जो सुखद संकेत है। मुजफ्फरनगर की राजनीति में यह जागरूकता और ऊर्जा अपने आप नहीं बनी अपितु मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने जिस प्रकार पूरे प्रदेश में होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत विभिन्न जिलों में दौरे किए, उससे कार्यकर्ताओं व पार्टी प्रशंसकों में जो जोश भरा है यह उस का परिणाम है। इस अनुकूल माहौल में अब फिर से भाजपा का वर्चस्व दिखाई देगा। सीएम योगी की कल्याणकारी योजनाओं और उनके संकल्पों को अमली जामा पहनाने की ओर बढ़ चले हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह राज्य का सौभाग्य है कि उसे एक तपस्वी, साधु व संन्यासी के रूप में योगी जी जैसा अद्वितीय सशक्त साधक व दूरदर्शी सीएम मिला है। ऐसे में सभी का कर्तव्य बनता है कि हम अपने पूरे मनोवेग और शक्ति के साथ कार्य करके मुजफ्फरनगर की क्रांतिकारी धरती से पार्टी और सरकार के पक्ष में ऐसा मजबूत माहौल बनाए जिसका असर पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्पष्ट दिखाई दे और प्रदेश का जन-जन अपनी नाराजगी को छोड़कर भारत की सबसे बड़ी राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा के साथ जुड़ने और खड़ा होने में गर्व महसूस करें।

खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आज सुबह खेड़ी फिरोजाबाद से ढासरी जा रहा था, तो मेरा पर्स कहीं गिर गया, जिसमें मेरा फार्मेसी लाइसेंस व अन्य महत्वपूर्ण कागजात थे। मेरी फार्मेसी लाइसेंस की संख्या (112095) है। इसका किसी अन्य व्यक्ति द्वारा उपयोग गैर कानूनी व अमान्य होगा।

सुहेब खान (M:8126499432)
खेड़ी फिरोजाबाद, मुजफ्फरनगर

देर रात एसएसपी ने कई थानाध्यक्ष किये इधर से उधर

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। देर रात एसएसपी अभिषेक सिंह ने कई थानेदारों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर दिया। इस दौरान उन्होंने छप्पर थाना प्रभारी रोजन्त त्यागी का गैर जनपद स्थानांतरण होने के कारण उन्हें रिलीव कर दिया है। मंगलवार देर रात एसएसपी अभिषेक सिंह ने कई थानेदारों को इधर-उधर करते हुए मंसूरपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार को सिविल लाइंस थाने का प्रभारी बनाया है। तितावी थाना प्रभारी विकास यादव को छपार, बृजेश कुमार शर्मा को शाहपुर से खतौली, उमेश रोरिया को खतौली से मंसूरपुर थाने का प्रभारी बनाया है। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रहे ओम प्रकाश सिंह को अपराध शाखा भेजा है। पुरकाजी थाना प्रभारी सुनील कसाना को शाहपुर थानाध्यक्ष व बुढ़ाना थाने की पारासौली चौकी प्रभारी जसवीर सिंह को पुरकाजी का थानाध्यक्ष बनाया है। सत्यनारायण दहिया को फुगाना थानाध्यक्ष से हटा कर प्रभारी एंटी नारकोटिस सेल बनाया है। नारकोटिक सेल के प्रभारी रहे अखिल चौधरी को एसओजी प्रभारी बनाया है। कोतवाली नगर की रोहाना चौकी प्रभारी गजेंद्र सिंह को फुगाना थानाध्यक्ष बनाया है। इसी तरह नगर कोतवाली की रामलीला टिल्ला चौकी प्रभारी मानवेंद्र भाटी को तितावी थानाध्यक्ष बनाया है।

धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों से मिलती है मन को शांति, होता है उत्साह का संचार : स्वामी श्रीभगवान

- ब्रह्मपुरी में 7 सितम्बर से चल रहे तृतीय श्रीसिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव का महायज्ञ एवं भंडारे के साथ हुआ विधिवत समापन

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बुस.)। श्रीराम सेवा ट्रस्ट की ओर से ब्रह्मपुरी में छोटा मंदिर के निकट 7 सितम्बर से आयोजित किये जा रहे तृतीय श्रीसिद्धि विनायक गणेश जन्मोत्सव का आज महायज्ञ एवं पूणार्हुति तथा विशाल भंडारे के साथ विधिवत रूप से समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज ने हवन-पूजन में शामिल होकर पूणार्हुति दी तथा इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम को कराने के लिये आयोजकों की जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महायज्ञ एवं पूणार्हुति के पश्चात प्रातः 11 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसके पश्चात अपरान्ह 3 बजे प्रतिमा को विसर्जन के लिये शुक्रतीर्थ की ओर प्रस्थान कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महादेव आश्रम जी महाराज श्री महेश्वराश्रम शुकतीर्थ, विष्णु आचार्य तिलकधारी आश्रम शुकतीर्थ, श्री नवीनानन्द जी, शंकर भैया, श्री वृंदावन धाम संकीर्तन मंडल एवं श्री राम परिवार संकीर्तन मंडल, यज्ञाचार्य आचार्य अशोक शुक्ल वेदपाठी शुकतीर्थ एवं उपाचार्य पंडित सचिन शुकतीर्थ तथा कौशल मिश्रा बरेली का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संजय गौतम, योगेन्द्र, नीलम शर्मा समेत भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

योग साधना यशवीर आश्रम का 22वां वार्षिकोत्सव 16 को

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बुस.)। संकट मोचन महायज्ञ 16 सितंबर को बघरा में स्थित योग साधना यशवीर आश्रम का 22वां वार्षिक महोत्सव व 51 किलो शुद्ध देसी घी के द्वारा संकट मोचन मनोकामना पूर्ण प्राचीन महायज्ञ का आयोजन 16 सितंबर दिन सोमवार को होने जा रहा है। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए योग साधना आश्रम के महंत स्वामी यशवीर जी महाराज ने आज चरथावल क्षेत्र के बिरालसी, दूधली, पिलखनी, छिमाऊं, बुड्ढाखेड़ा, बलवाखेड़ी, कान्हाहेड़ी सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया और हिंदू समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का जो समय देश में चल रहा है, यह सनातन धर्म और भारत के हिंदुओं के लिए निर्णायक समय है। सनातन धर्म को मिटाने के लिए बाहरी और अंदर की इस्लामिक शक्तियां पूरे षडयंत्र के तहत अपने कार्य पर लगी हुई है। यह लोग भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाने का सपना लेकर कार्य कर रहे हैं और हम सनातनियों को सनातन धर्मव भारत देश को पूर्ण रूप से सुरक्षित करना है। ब्रह्मचारी मृगेन्द्र ने सनातन धर्म के सभी युवाओं से आह्वान किया कि आप सभी युवा सनातन धर्म की रक्षा के लिए आगे आए, क्योंकि युवा ही सनातन धर्म का केंद्र है। युवा ही धर्म और देश की रक्षा किया करते हैं, इसलिए 16 सितंबर को युवा बहुत बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचे। प्रातः 8:00 बजे प्रारंभ होगा, भंडारे का भी आयोजन होगा।

निर्माणाधीन टंकी से बोरिंग मशीन का सामान चोरी करते पकड़ा

पुरकाजी, 11 सितम्बर (बु.)। कस्बा पुरकाजी के मौहल्ला दक्षिणी चमारान में पानी की टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। बुधवार को टंकी की बोरिंग मशीन का सामान चुराते हुए टंकी पर कार्य कर रहे लोगों ने मौके पर पकड़ कर पुलिस को सौप दिया। टंकी पर कर्मचारी पृथ्वी सिंह निवासी लखीमपुर खीरी व दक्षिणी चमारान पुरकाजी निवासी गुरमेल की तहरीर पर पकड़े गये चोर पुरकाजी मौहल्ला जाटान पुरकाजी निवासी सोएब के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

मेरठ-लखनऊ वंदे भारतः नहीं मिल रहे यात्री

मेरठ, 11 सितंबर (एजेंसी)। मेरठ के लोगों को लखनऊ तक नई हाई स्पीड लग्जरी वंदे भारत ट्रेन जरूर मिल गई, मगर ट्रेन की क्षमता के हिसाब से अभी यात्री यात्रा नहीं कर रहे हैं। वंदे भारत में मेरठ और लखनऊ दोनों और से अभी 40 प्रतिशत यात्री ही यात्रा कर रहे हैं जिसका कारण इस ट्रेन का किराया अधिक होना और इसके कुछ समय बाद ही दोनों ओर से राज्य रानी का चलना माना जा रहा है। नौचंदी एक्सप्रेस के सहारनपुर से संचालित होने पर मेरठ में लगातार नई ट्रेन की मांग की जा रही थी। रेल मंत्री ने भी बनारस तक ट्रेन चलाने का आश्वासन दिया था। शनिवार को अचानक मेरठ से लखनऊ तक के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ हुआ। ट्रेन के स्टॉपेज केवल मुरादाबाद और बरेली दिए गए हैं। ट्रेन का समय भी सुबह राज्य रानी के समय ही किया है और लखनऊ से भी इस समय वापस का समय दिया जब राज्य रानी आती है। मेरठ लखनऊ रूट पर नई वंदे भारत ट्रेन तो जरूर मिल गई मगर ट्रेन को यात्री अभी पर्याप्त नहीं मिल रहे हैं। वंदे भारत की क्षमता 530 यात्रियों की है, जिसमें 478 सीट एसी चेयर कार की और 52 एग्जिक्यूटिव की है। मगर अभी तक ट्रेन में 250 यात्री भी सफर नहीं कर सके हैं। मेरठ से लखनऊ और लखनऊ से मेरठ अभी तक प्रतिदिन का हिसाब 200 से 230 यात्री ही आ रहा है। पहले दिन रविवार को 211 यात्रियों ने वंदे भारत में सफर किया। सोमवार को मेरठ से वंदे भारत गई उसमें भी यात्रियों की संख्या 233 रही। मंगलवार को मेरठ आई वंदे भारत में केवल 205 यात्रियों ने सफर किया।

जिला महिला चिकित्सालय में मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

- गोष्ठी के बूते सीएमएस ने किया स्वच्छता के प्रति जागरुक

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। जिला महिला अस्पताल में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता जनजागरण रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय ने रैली में शामिल हुए स्कूली बच्चों, चिकित्सकों व स्टाफ के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। वहीं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी स्वच्छता को लेकर लोगों को प्रेरक संदेश देने का काम किया। जिला महिला चिकित्सालय परिसर में बुधवार को आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता रैली और गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय ने बताया कि स्कूली बच्चों और ट्रेनी एएनएम के साथ ही स्टाफ के अन्य लोगों के उत्साह ओर समर्पण के साथ प्रतिभाग किया। गोष्ठी के दौरान विभिन्न प्रकार से विचार व्यक्त करते हुए स्कूली बच्चों के साथ स्टाफ के लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों व अस्पताल के चिकित्सकों तथा स्टाफ को स्वच्छता की शपथ ग्रहण कराई गई। गोष्ठी के बाद स्कूली बच्चों और चिकित्सालय स्टाफ द्वारा स्वच्छता जागरूकता रैली के बूते लोगों को जागरुक किया गया। सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय ने इस जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला महिला चिकित्सालय परिसर से शुरू हुई रैली पुरुष चिकित्सालय परिसर का भ्रमण करते हुए वापस महिला अस्पताल आकर संपन्न हुई। रैली के बाद ट्रेनी एएनएम द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किये गये, इन नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मरीजों और तीमारदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए जीवन में स्वच्छता के महत्व को समझाया। इस दौरान मुख्य रूप से सीएमएस डॉ. आभा आत्रेय, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. फैजल, डॉ. भुजवीर सिंह, चीफ फार्मेसिस्ट ब्रजेश कुमार, एके जैन, जगमोहन कर्णवाल, हेल्प डेस्क मैनेजर सबा रानी सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

ॐ शांति! ॐ शांति! ॐ शांति!

रस्म पगड़ी

अयत्न्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी

श्रीमती उर्मिला भाटिया

(धर्मपत्नी स्व० श्री दयानन्द जी भाटिया) सीमेन्ट वाले

दिनांक 01 सितम्बर 2024, दिन रविवार को अपनी सांसारिक जीवन यात्रा सम्पूर्ण करके आराध्य प्रभु ठाकुर जी के श्री चरणों में विलीन हो गई हैं। प्रभु इच्छा के समक्ष हम नतमस्तक हैं। उनकी आत्मिक शांति के लिए

श्रद्धांजलि सभा/ रस्म पगड़ी

शुक्रवार दिनांक 13 सितम्बर 2024 को होनी निश्चित हुई है।

— कार्यक्रम —

ब्रह्मभोज .... दोपहर 12.00 बजे
श्रद्धांजलि सभा .... दोपहर 2.00 बजे

स्थानः- माढ़ी की धर्मशाला
निकट गऊशाला रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

— शोकाकुल परिवार —

मदन-शकुन्तला (भाई-भाभी)
राजेश - पूजा भाटिया (पुत्र-पुत्रवधु)
(जिला सहमहामंत्री व्यापारियों की आवाज व्यापार मण्डल उत्तर प्रदेश)
अंकुश -योजना भाटिया (पुत्र-पुत्रवधु)
रश्मि-प्रदीप भाटिया (पुत्री-दामाद)
चक्षु भाटिया (पौत्र)
मनन भाटिया, युग भाटिया (पौत्र)
वेन्या भाटिया (पौत्री)
शुभम भाटिया (धेवता), भूमिका भाटिया (धेवती)

— प्रतिष्ठान —

• राजेश कुमार एण्ड सन्स • जय श्री राधे ट्रेडिंग कम्पनी
3-ए, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर।
Mob.: 9927085503, 8805548200

लाडली के जन्मोत्सव पर भव्य आयोजनों के साथ भक्ति रस की वर्षा

मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। नगर के विभिन्न मंदिरों में आज बरसाना और ब्रज मंडल की अधिष्ठात्री राधा रानी का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। श्रीगणपति खाटू श्याम धाम और श्री श्री गोपेश्वर गोलोक धाम में लाडली के विशेष श्रृंगार और अभिषेक के साथ भव्य सत्संग में राधा रानी के गुणगान में श्रद्धालुओं ने आनंदोत्सव मनाया।

वृषभानु दुलारी का जन्मोत्सव का आज नगर के तमाम मंदिरों में पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। श्री गणपति खाटू श्याम धाम में गणेशोत्सव में जहां गणपति का मोदक से पूजन किया गया, वहीं संध्या के समय वहां राधा अष्टमी के आयोजन में भव्य संकीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक गर्ग, मंत्री अनिल गोयल, बिजेंद्र रानो, विनोद राठी, रजत राठी, प्रतीक कंसल, चचा जेपी, अंकित आदि उपस्थित रहे। शाम के समय भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्री गोलोक गोपेश्वर धाम में आयोजित श्री राधा रानी के जन्मोत्सव में सुबह के समय बरसाने वाली का अभिषेक और भव्य श्रृंगार किया गया। दिन में महाभोग लगाया गया। संध्या के समय विशेष सत्संग में भजन गायकों ने राधा रस माधुरी का गायन मधुर स्वरों में किया। देर तक श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। इस मौके पर मंदिर के सेवादारों में सतीश सेठी, ब्रजमोहन बाठला, पवन छाबड़ा, राजकुमार अरोरा, प्रमोद अरोरा, मनीष, राजीव और ऋषि आहूजा आदि का विशेष योगदान रहा।

भरतिया कालोनी प्रकरण में डीएम-एसएसपी से मिले सभासद

आरोपः मकान खरीद में हुई स्टाम्प शुल्क की बढ़ी चोरी

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़े मौहम्मद नदीम सहित दूसरे समुदाय के कुछ लोगों द्वारा शहर के हिन्दू बाहुल्य इलाके भरतिया कालोनी वाल्मिकी बस्ती में एक मकान खरीदे जाने के प्रकरण में स्थानीय लोगों व हिन्दू संगठनों के नेताओं के साथ अब पालिका सभासद भी कूद पड़े हैं। भाजपा युवा नेता विकल्प जैन के साथ बुधवार को सभासदों और अन्य लोगों ने डीएम-एसएसपी से मिल कर प्रकरण में कई गंभीर बिन्दुओं को उठाते हुए आरोप लगाया कि मकान खरीद में बड़े पैमाने पर स्टांप चोरी करते हुए सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाई गई है। उन्होंने इसकी उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्यवाही की मांग की।

बुधवार को भाजपा युवा नेता व पूर्व सभासद विकल्प जैन के साथ पालिका के अन्य सभासदों व हिन्दूवादी संगठनों के नेताओं ने डीएम-एसएसपी से मिलकर भरतिया कालोनी मामले में कई बिन्दुओं को उठाते हुए जांच की मांग की। इस दौरान डीएम को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि यह मकान बजरिये बैनामा नदीम आदि ने जहां आवासीय श्रेणी में खरीदा है, जबकि इसका उपयोग राजनैतिक पार्टी कार्यालय खोल कर गैर आवासीय कार्य के लिए किया जा रहा है। ऐसे में स्टाम्प शुल्क गैर आवासीय श्रेणी का बनता है, जो चोरी हुआ है। इस मकान का वास्तविक क्षेत्रफल छिपाया है। मकान 475 वर्गगज में बना है, जबकि स्टाम्प मात्र 333 वर्ग गज का दिया गया है। मकान में लगे सामान पर भी स्टाम्प की चोरी की गई है। वहीं अगर आप निर्मित व गैर-निर्मित भूमि की पैमाईश करायेंगे तो स्टाम्प चोरी देखकर दंग रह जायेंगे कि किस तरह स्टाम्प चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। सभासदों ने इस मामले में जांच स्वयं उच्चस्तरीय अधिकारी से कराने की मांग करते हुए कहा कि जिन्हें की गई स्टाम्प चोरी का 10 गुना वसूलने की पॉवर है। चूंकि यह प्रकरण बेहद संगीन व गंभीर है, ऐसे में डीएम से उच्च स्तरीय अधिकारियों की टीम गठित करते हुए प्रकरण की जांच कराने के साथ जुर्माना लगा कर उसकी वसूली करने की मांग की। वहीं एसएसपी को ज्ञापन देकर स्टांप चोरी करने वालों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। इस दौरान सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, प्रशांत गौतम, नवनीत गुप्ता, हिंदूवादी नेता संजय मिश्रा, ललित माहेश्वरी, नरेन्द्र पंवार, देवेंद्र चौहान और अर्जुन कश्यप आदि मौजूद रहे।

मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

जम्मू, 11 सितंबर (एजेंसी)। जम्मू और कश्मीर के उधमपुर और कठुआ जिलों के जंगलों में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई है। मुठभेड़ के दौरान सेना के जवानों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ की शुरूआत के बाद से सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी थी। अभी ऑपरेशन जारी है। उधमपुर और कठुआ जिलों के इन संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया है। इलाके में भारी बारिश और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षाबल आतंकवादियों को ढूंढने में सफल रहे हैं। इलाके में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है और नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है।

अक्तूबर-नवंबर में दाल-चावल के रेट में आ सकती है गिरावट

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसी)। आम आदमी को महंगाई से आने वाले दिनों में थोड़ी राहत मिल सकती हैं। क्योंकि देशभर के अन्नदाताओं ने खरीफ की फसलों की जमकर बुवाई की है। बीते वर्ष की तुलना में खरीफ फसलों की कुल बुआई 1092 लाख हेक्टेयर से ज्यादा में हुई है। इसमें धान की बुवाई जबरदस्त इजाफा देखा गया है। पिछले साल इस अवधि के दौरान 393.57 लाख हेक्टेयर की तुलना में इस वर्ष 409.50 लाख हेक्टेयर में चावल की खेती की गई है। जबकि इस बार गन्ना की खेती में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई है।

बोलीं अपर्णा, परिवार में बात रखना नाराज होना नहीं

लखनऊ, 11 सितंबर (एजेंसी)। कद के मुताबिक पद नहीं मिलने को लेकर नाराजगी की चचाओं के बीच भाजपा नेत्री और सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने बुधवार को उप्र राज्य महिला आयोग के उपाध्यक्ष पद पर कार्यभार संभाल लिया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की पत्नी के साथ आयोग पहुंची अपर्णा ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत में अपनी नाराजगी की चचाओं पर सफाई भी दी। उन्होंने कहा कि मैं नाराज नहीं हूं। संगठन और सरकार ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी दी है। कार्यभार में हुई देरी पर अपर्णा ने कहा कि वह सही समय की प्रतीक्षा कर रही थी, आज राधाष्टमी है, इसलिए उन्होंने आज के दिन ही कार्यभार ग्रहण करने का फैसला किया था।

चंडीगढ़ में एनआरआई की कोठी पर हैंड ग्रेनेड फेंका

चंडीगढ़, 11 सितंबर (एजेंसी)। चंडीगढ़ के सेक्टर-10 में बम अटैक हुआ है। यहां कोठी नंबर-575 में बम ब्लास्ट हुआ है। शहर के सबसे पॉश एरिया में इस घटना के बाद पुलिस सहित अन्य एजेंसियों के हाथ-पांव फूल गए हैं। घटना की सचूना मिलते ही पुलिस सहित क्राइम ब्रांच और अन्य कई जांच टीमें मौके पर पहुंची हैं। वहीं, चंडीगढ़ पुलिस विभाग के महानिदेशक सुरेंद्र सिंह यादव, आईजी राजकुमार, एसएसपी कंवरदीप कौर, एसपी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा ले रहे हैं। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड टीम के अलावा फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार एक ऑटो में तीन युवक आए थे, जो कोठी में हैंड ग्रेनेड फेंक कर फरार हो गए।

चोर गिरोह के तीन सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। खालापार थाने की पुलिस ने बिजनौर के रहने वाले बुरहानदीनपुर निवासी नूर मौहम्मद, मध्य प्रदेश के दतिया के रहने वाले अंसार खान व किरतपुर के रहने वाले मुशर्रफ को बुढ़ाना मोड़ से मुठभेड़ के दौरान घायल करने के बाद गिरफ्तार किया था। खालापार पुलिस द्वारा उक्त तीनों आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की है, तीनों आरोपी पहले से ही जेल में बंद हैं। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मुठभेड़ के दौरान आठ किलो चांदी अवैध हथियार भी बरामद किये गये थे। उक्त तीनों आरोपी झारखंड के जमशेदपुर में फर्नीचर व सर्राफ की दुकान में चोरी करके वापस लौट रहे थे। इसके अलावा आरोपियों ने खालापार के लोहिया बाजार सिविल लाइन के सरकुलर रोड, नई मंडी के पचेंडा रोड, शहर कोतवाली के रामलीला टिल्ला पर भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

मोबाइल व साढ़े 28 हजार रुपए चोरी

मीरापुर, 11 सितम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गाँव कैथोड़ा निवासी एक व्यक्ति के घर मे घुसकर अज्ञात चोर ने नगदी व मोबाईल चोरी कर लिया। पीड़ित ने अज्ञात चोर के विरुद्ध तहरीर दी है। मीरापुर थाना क्षेत्र गाँव कैथोड़ा निवासी जीशान अहमद पुत्र चांदू बीती रात अपने घर में सो रहा था। आरोप है कि रात में अज्ञात चोर ने उसके घर में घुसकर चारपाई के पास रखा हुआ मोबाइल तथा खूंटी पर टंगी हुई उसकी पैंट से साढ़े 28 हजार रुपए चोरी कर लिए। पीड़ित जीशान ने अज्ञात चोर के विरुद्ध तहरीर दी है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

ईओ से शिकायत के बाद में नींद से जागा पालिका प्रशासन

रुड़की रोड के अवैध निर्माण को रोकने के दिए जेई को आदेश

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। रुड़की रोड पर पालिका भूमि पर अवैध कब्जा हो जाने के बावजूद पालिका द्वारा कोई कार्रवाई न होने के बाद महिला सभासद ने जब भूमि को लेकर एई निर्माण पर आरोप लगाते हुए शिकायत की, तो हड़कम्प मच गया। उधर, नगर पालिका प्रशासन भी नींद से जाग गया। इस मामले में एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने जेई कपिल कुमार को नोटिस देते हुए इस भूमि को कब्जा मुक्त कराने के साथ अवैध निर्माण को तत्काल रोकने के आदेश दिए। नगर के रुड़की रोड बिजली घर के समीप पालिका की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इस मामले की शिकायत पालिका में की गई थी। बीते दिनों एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण भी किया। वार्ड सभासद सुनीता देवी का आरोप है कि इस मामले में एई निर्माण ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उनके पति द्वारा भी एई निर्माण को फोन किया गया, लेकिन फिर भी कोई उचित कार्रवाई नहीं हो सकी। महिला सभासद ने मामले में पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह से एई निर्माण के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की, तब इस शिकायत के बाद एई निर्माण अखंड प्रताप सिंह ने जेई कपिल कुमार को तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने गथ्यूर से पत्रावली लेकर इस भूमि को कब्जामुक्त कराने, अवैध निर्माण रोकने के आदेश दिए है।

पुलिस मुठभेड़ के दौरान गैंगस्टर घायल

मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। देर शाम शहर कोतवाली क्षेत्र में शाहबुद्दीनपुर रोड पर पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़ जो गई, जिसमें राहुल पुत्र राजेन्द्र निवासी मंसूरपुर घायल हो गया। सीओ सिटी व्योम बिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबुद्दीनपुर रोड पर उस समय एक बदमाश राहुल पकड़ा गया जब पुलिस रुटीन चैकिंग कर रही थी और पुलिस ने जब उसे रोकना चाहा तो वह रुका नहीं। इस बात पर पुलिस को शक हुआ तो पुलिस ने उसका पीछा किया। पीछा करने के दौरान बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग में राहुल की टांग पर गोली जा लगी। राहुल से एक मोटर साइकिल यूपी 12 एजेड 0267, एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त अपराधी गैंगस्टर में निरुद्ध है और उस पर कुल 16 मुकदमें दर्ज हैं। हाल ही में उसने शहर कोतवाली क्षेत्र से एक बाइक 7 सितम्बर को भी चोरी की थी और उक्त आरोपी बाइक चोरी का अपराध भी करता है।

यूपीः आंधी-बारिश से ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त, 20 से ज्यादा ट्रेनें प्रभावित

लखनऊ। आलमनगर-शाहजहांपुर रेलखंड में उमरताली-दलेलनगर के बीच बारिश और आंधी के चलते बुधवार तड़के तीन बजे रेलवे की ओएचई लाइन क्षतिग्रस्त होने से ट्रेनों का संचालन गड़बड़ा गया। कुछ स्थानों पर पोल क्षतिग्रस्त होने से अप-डाउन दोनों लाइनों पर ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा।

मुजफ्फरनगर समेत इन जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 11 सितंबर (बु.)। बादलों एक दो बाद हल्के छींटों के बीच आज एक बार फिर उमस से लोग बेहाल रहे हालांकि तापमान काफी कम रहा। रात में तो यूपी के सबसे कम तापमान मुजफ्फनगर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन तक भारी बारिश के आसार हैं। इसके साथ ही तेज रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। नगर में मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। गत दिवस बारिश के बाद रात काफी ठंडी रही। इसके बाद आज दिन में सुबह से बादल तो कई बार घिरे लेकिन बारिश के नाम पर हल्की बूंदाबांदी रही। नगर में अधिकतम तापमान 31.9 और न्यूनतम 22.8 डिग्री दर्ज किया गया। आर्द्रता 86 प्रतिशत रही। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार के लिए उत्तराखंड से सटे जिलों बरेली, शाहजहांपुर, फरुर्खाबाद, बिजनौर, मुरादाबाद व रामपुर आदि में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, पश्चिमी यूपी और मध्य प्रदेश से सटे विभिन्न इलाकों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब क्षेत्र के यूपी की ओर खिसकने से यूपी के अधिकांश जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। आज प्रदेश में सबसे न्यूनतम तापमान मुजफ्फरनगर में 22.8 रिकॉर्ड किया गया। जिन इलाकों में भारी बारिश की संभावना है, उनमें सहारनपुर, मुजफ्फररनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, बांदा, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बाराबंकी, हाथरस, औरैया व आसपास के इलाके शामिल हैं।

बिजनौर में 500 से भी ज्यादा हैं गुलदार

बिजनौर, 11 सितंबर (एजेंसी)। जिले में गुलदार आपदा बन गया है। इनकी संख्या का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछले डेढ़ साल में 67 गुलदार वन विभाग पकड़ चुका है। वहीं, 35 गुलदार दुर्घटना, आपसी संघर्ष में मारे जा चुके हैं। वन्य जीव विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोनाकाल में रिजर्व फॉरेस्ट से गन्ने के खेतों में आए गुलदार अब यहां के राजा बन बैठे हैं। चार साल पहले जन्मे गुलदार के शावक अब बड़े शिकारी बन चुके हैं। जिले में 2.68 लाख हेक्टेयर गन्ने का रकबा है। गन्ने के खेतों में इनकी संख्या 500 से भी ज्यादा होने का अनुमान है।

सत्ता पक्ष के नेता ही कर रहे थे शराब की तस्करी, चौदह सहयोगियों के साथ पकड़े गए

पटना। शराबबंदी वाले बिहार में सत्ता पक्ष के नेता ही शराबबंदी का पोल खोल रहे हैं। पुलिस ने जदयू नेता और उसने 13 अन्य सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह खबर न सिर्फ सरकार के लिए बल्कि शिक्षा विभाग के लिए भी एक कलंक है, क्यों कि इन लोगों की गिरफ्तारी स्कूल से हुई है, जहां शराब भी बरामद हुआ। मामला नालंदा जिले के नालंदा जिला मुख्यालय बिहारशरीफ के नगर थाना क्षेत्र अम्बेर चौक स्थित एक निजी स्कूल का है, जहां एक निजी स्कूल में जुआ खेलते हुए जाम छलका रहे जदयू प्रखंड अध्यक्ष सीताराम प्रसाद तस्कर सहित 14 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने वहां से 292.32 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 2 लाख 88 हजार रुपए नगद और तास के पत्ते, मोबाइल और बाइक बरामद किये हैं।

राहुल गांधी के घर के बाहर सिख नेताओं का जमकर बवाल

नई दिल्ली, 11 सितंबर (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के सिखों को लेकर दिए बयान पर बवाल कम होने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में दिल्ली बीजेपी के सिख प्रकोष्ठ के पदाधिकारी उनके आवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे। शाम चार बजे के आस-पास बीजेपी के लोग भारी संख्या में एकजुट होकर वहां नारेबाजी और हंगामा करने लगे थे। कुछ पदाधिकारी जोश में आकर दिल्ली पुलिस के बैरिकेड पर चढ़कर राहुल गांधी के खिलाफ नारे लगा रहे थे। बाद में दिल्ली पुलिस को हालात काबू करने के लिए बीजेपी के सिख नेताओं (आरपी सिंह भी) को हिरासत में लेना पड़ा। पुलिस की ओर से पकड़ने जाने के बाद बीजेपी के सिख नेता आरपी सिंह ने कहा, "राहुल गांधी माफी मांगे। उन्होंने भारत को बदनाम करने के लिए विदेशी धरती का इस्तेमाल किया है। उन्होंने गलतबयानी की है। राहुल गांधी अब अपने पिता राजीव गांधी का समयकाल भूल गए, राजीव गांधी ने तब दिल्ली में 3000 सिखों का कत्ल कराया था।"

पर्युषण महापर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तम सत्य : झूठ बोलना पाप है और पाप का बाप लोभ है
जैन दर्शन में आत्म कल्याण पथ पर चलने वाले भव्य जीव को अपने जीवनकाल में हर कार्य में सत्य का प्रयोग करना होगा, तभी वह परमात्मा को पा सकता है। व्यवहारिक सत्य और आत्मा के कल्याणकारी मार्ग का सत्य में फर्क है। व्यवहारिक में हम सत्य का प्रयोग लौकिक दृष्टि के अनुरूप करते हैं और यहां व्यक्ति नफा-नुकसान दोनों पर ध्यान देता है, परन्तु आत्म कल्याण के मार्ग पर अलौकिक दृश्य जो कभी दिखाई नहीं देता, बस महसूस किया जा सकता है, उसके लिए प्राणों की बलि देना आसान कार्य नहीं है। लोक में व्यवहार में सत्य के प्रयोग से आत्म बलि गांधी जी जैसे व्यक्ति को गोली मारी जा सकती है (यहां पर लेखक सही और गलत का विश्लेषण नहीं कर रहा है)। अलावा इसके पिछली सदी में दर्जनों पावरफुल पॉलिटिशियन, समाजसेवी, राजनैतिक और अधिकारियों को फर्ज में सत्य के प्रयोग से अपने प्राणों की आहुति देनी पड़ी।
आत्म कल्याण के पथ पर श्री महावीर का सत्य बहुत गहरा है। यह इसको ऐसे समझे जब सत्य को पा लेने पर जीसस को इस लोक में सूली पर चढ़ा दिया जाता है और जीसस ने प्रभु से कहा इनको क्षमा करना। अरब में जुनेद के शिष्य मिया मंसूर को मार दिया जाता है, वह भी मुस्कुराता रहा और बोल रहा था खुदा इनको क्षमा करना। जब व्यक्ति सत्य को पा लेता है तो झूठ बोलने की गुंजाइश खत्म हो जाती है। समझो उसने परमात्मा को पा लिया है। संसार में दोनों घटनाएं विचार योग्य हैं। लिखना तो बहुत चाहता हूँ, पर सम्पादक जी ने जगह कम दी है।
जय जिनेन्द्र!
डॉ. प्रदीप जैन लेखक चेयरमैन
Sanmati Institute Of Learning

एक-एक रुपये लाख के चार ईनामी गिरफ्तार कर लूट का सोना बरामद

सुल्तानपुर। भरत जेवलर्स से हुई डकैती घटना में पुलिस ने एक लाख के इनामी 4 और बदमाश गिरफ्तार करते हुए रायबरेली शहर के आईटीआई बाला पुर स्थित 404 रूम नंबर मकान से एस ओ जी सोना बरामद किया है। बदमाश इसी मकान से बैठकर योजना बनाते थे। उनकी निशानदेही पर लूट का सोना बरामद किया कर कई लोग हिरासत में लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार सर्राफा व्यवसायी के यहाँ डकैती की घटना में प्रकाश में आये एक-एक लाख के 4 पुरस्कार घोषित अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से स्वर्ण आभूषण, अवैध शस्त्र व एक चार पहिया वाहन बरामद किया गया है।

जिले में उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी

- 52 प्रतिष्ठानों से पन्द्रह नमूने जब्त कर जांच को भेजे
- 5 प्रतिष्ठानों का लाइसेंस निलम्बन, कई को चेतावनी

मुजफ्फरनगर, 11 सितम्बर (बु.)। बुधवार को जिले में दर्जनों उर्वरक विक्रेताओं एवं निर्माताओं के प्रतिष्ठानों पर छापामारी करते हुए सख्ती के संकेत दिए। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि बुधवार को जिले में चार टीमों का गठन करते हुए 52 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए 15 नमूने जब्त किए। उन्होंने बताया कि जिले में हुई छापेमारी के बीच जानसठ में कृषि अधिकारी, खतौली में जिला भूमि संरक्षण अधिकारी, बुढ़ाना में कृषि रक्षा अधिकारी एवं सदर तहसील में वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए, कार्यालय जिला कृषि अधिकारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी मुजफ्फरनगर ने उर्वरक विक्रेताओं व निर्माताओं के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। टीम ने संयुक्त रूप से 52 प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए यहां से 15 सैंपल संग्रहित जांच के लिए जब्त करने के साथ 11 प्रतिष्ठानों को चेतावनी दी और नियमों की अनदेखी करने पर 5 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्त कर दिए। उन्होंने बताया कि जनपद में जिन प्रतिष्ठानों से जांच के लिए नमूने संग्रहित किये गए हैं, यदि उनमें मिलावट, नकली पाए जाते हैं तो उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी, जिस किसी प्रतिष्ठान पर मिलावट या नकली उर्वरक पाए जाएंगे, ऐसे प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

दुकान किरायेदार ने दी पलायन कर परिवार सहित आत्महत्या करने की चेतावनी

खतौली, 11 सितंबर (बु.)। दुकान मालिक द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर विकलांग किरायेदार की दुकान को तहस नहस कर, दुकान से नकदी चोरी करने से पीड़ित किरायेदार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही न होने पर नगर से पलायन करने की घोषणा की है। नगर के ढाकन चौक निवासी विकलांग अतीक ने कोतवाली में दी गयी तहरीर में बताया कि वह सन् 1982 से ढाकन चौक स्थित दुकान में बतौर किरायेदार के रूप में काबिज चला आ रहा है। वह दुकान में कुट्टी मशीन लगाकर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा है। विकलांग किरायेदार अतीक ने बताया कि दुकान स्वामी अफजाल कुरैशी लम्बे समय से उसकी दुकान को जबरन खाली कराने के लिए उस पर नाजायज दबाव बनाता चला आ रहा था, जिसको लेकर माननीय न्यायालय में एक वाद भी चल रहा है। विकलांग किरायेदार अतीक ने आरोप लगाया कि बीती रात उसकी दुकान को तहस नहस कर उसकी कुट्टी मशीन, पशु चारा सहित दुकान का दरवाजा सभी गायब कर लिया गया तथा दुकान में रखा गल्ला जिसमें लगभग दो तीन हजार रुपये की नकदी थी, गायब है। पीड़ित किरायेदार द्वारा नामजद लोगों के खिलाफ उसकी दुकान को खुर्दबुर्द करने की शिकायत करते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने की गुहार लगाई है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही न होने पर मजबूर होकर परिवार सहित पलायन करने तथा परिवार सहित आत्महत्या करने के लिए बाध्य होने की भी चेतावनी दी है।

सिर काट ले गए हत्यारेः खेत में मिला शानू का धड़, अंगूठे से हुई शिनाख्त

रामपुर, 11 सितंबर (एजेंसी)। शाहबाद थाना क्षेत्र की सैफनी चौकी की पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह खेत में मिले युवक के शव की पहचान मुरादाबाद के बिलारी थाना क्षेत्र के सहसपुर गांव निवासी शानू (25) पुत्र साबिर के रूप में हुई है। सिर न मिलने से शिनाख्त शानू के पैरों के लंबे अंगूठे से हुई। शानू के पिता साबिर ने प्रेम प्रसंग में हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि शानू को सैफनी निवासी एक युवती ने फोन कर बुलाया था। इसके बाद शानू सैफनी के जटपुरा में शादी में जाने की बात कहकर घर से निकला था। गांव (जटपुरा) में भी उसकी ननिहाल की पड़ोस की लड़की से नजदीकी की बात कही जा रही है। पुलिस का कहना है कि हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। रामपुर के एसपी विद्यासागर मिश्र ने भी घटना स्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि गर्दन कटी लाश मिली है, सिर की तलाश कर रहे हैं। हत्या का कारण भी तलाशा जा रहा है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा- देश को गृह युद्ध की ओर धकेलने की कोशिश कर रहे राहुल गांधी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संयुक्त राज्य अमेरिका में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के दिए गए बयानों और उनकी हाल की गतिविधियों पर काफी नाराजगी जताई। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखकर आरोप लगाया कि राहुल गांधी का लक्ष्य देश को गृह युद्ध की तरफ धकेलना है। सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की ओर अग्रसर हैं। इनका एकमात्र लक्ष्य भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न करके देश को गृह युद्ध की ओर धकेलना है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि राष्ट्र विरोधी नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन करने वाली और पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी कर उसका बड़ा हिस्सा मुसलमानों को सौंपने वाली कांग्रेस के युवराज अब देश से आरक्षण को समाप्त करने का कुचक्र रच रहे हैं, किंतु राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए कि इस देश में जब तक भाजपा का एक भी कार्यकर्ता है, उनकी यह विभाजनकारी मंशा सफल नहीं होने पाएगी। 'हम भारत के लोग' कांग्रेस सहित सभी राष्ट्र विरोधी ताकतों के विरुद्ध एकजुट हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में एनडीए सरकार शोषित, पीड़ित और वंचित के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज रोपने का प्रयास निंदनीय है। उन्हें इसके लिए देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

जुलाना में पहलवान विनेश से भिड़ेंगी आप की पहलवान कविता दलाल

चंडीगढ़ , 11 सितंबर (एजेंसी)। हरियाणा के जुलाना से आप ने कविता दलाल को मैदान में उतारा है। यानि विनेश फोगाट को बीजेपी की ओर से पूर्व पायलट और आप की ओर से कविता टक्कर देंगी। आप ने जुलाना में कांग्रेस की पहलवान विनेश फोगाट के और भाजपा के कैप्टन योगेश बैरागी के सामने हहए पहलवान कविता दलाल को उतारा है। कविता भारत की फर्स्ट लेडी अवॉर्ड से सम्मानित और हरियाणा के जींद के जुलाना के गांव मालवी निवासी हैं। वह भारत की ओर से सबसे पहले हहए में जाने वाली महिला रेसलर थीं। लोग उन्हें लेडी खली के नाम से भी जानते हैं। इससे पहले भाजपा ने मंगलवार को 21 उम्मीदवारों वाली दूसरी सूची जार कर दी। इसमें विनेश फोगाट के सामने कैप्टन योगेश बैरागी को उतारा है।

भेड़िये के हमले में दो बालिकाएं गंभीर रूप से घायल

बहराइच 11 सितम्बर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के महसी क्षेत्र में दो अलग अलग गांव में घर में सो रही बालिकाओं पर भेडियों ने देर रात हमला कर दिया।

इ न्हें हमलों में एक बच्ची की हालत नाजुक है और उसको मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया है जबकि दूसरी का महसी स्वास्थ केंद्र पर इलाज चल रहा है । सूत्रों के अनुसार खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवानी पुर का मजरा महजिदिया निवासी शिवानी पुत्री किशोरी 10 वर्ष अपनी मां के साथ फूस के घर में बीती रात सो रही थी तभी अचानक भेड़िये ने हमला कर उसे घायल कर दिया शिवानी के रोने की आवाज सुनकर मां की आंख खुल गई और मां जोर जोर से आवाज लगाने लगी जिससे गांव के लोगों ने मौके पर पहुंच कर हांका लगाया तब जाकर भेड़ये के चंगुल से शिवानी को छुड़ाया जा सका। उसके बाद आनन-फानन परिजनों ने शिवानी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महसी पहुंचाया गया जहां पर इलाज चल रहा है। इसी तरह ग्राम मजीदिया में मां के साथ सो रही सुमन 12 वर्ष को भी भेड़िए ने पकड़ने की नाकाम कोशिश की। सुमन के गले मे पंजा लगने से उसे खरोंच आई। चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे घर भेज दिया।

तीन लोगों को जख्मी करने वाले भेड़िये को भीड़ ने मारा

कुशीनगर 11 सितम्बर (वार्ता) उत्तर प्रदेश में कुशीनगर जिले के जटहां बाजार थाना क्षेत्र में मंगलवार रात दुकान बंद कर रहे एक दुकानदार पर हमला करने वाले भेड़यि को जमा हुई भीड़ ने मार दिया है। बताया जा रहा है कि रात भैरोगंज बाजार में दुकान बन्द कर रहे 65 वर्षीय दुकानदार रामजी गुप्ता पर किसी जंगली हिंसक जानवर ने हमला कर दिया। इस हमले में जानवर ने श्री गुप्ता के हाथ व पैर में काट कर जख्मी कर दिया। दुकानदार के शोर मचाने पर जब तक लोग जुटते ही वह पास के एक घर में घुस गया । घर के लोग उसे भगाने के लिए बाहर निकलते ही एक महिला हामिदा खातून पर हमला बोल दिया। उनको कई जगह काट दिया। बचाव में उनकी बहु उमतनिशा आई तो उसको भी कई जगह काट दिया। तब तक लोगों की भीड़ जुट गई। भागने के दौरान भीड़ में हनीफ शाह, दिलीप कुमार, प्रदीप कुमार के पैरों में काट कर जख्मी कर दिया। जुटी ग्रामीणों की भीड़ ने उसे घेर कर हिंसक जानवर को मार दिया जबकि दो मौके से भाग निकले। सूचना पर पहुंची जटहा पुलिस व वन विभाग की टीम ने दोनों घायल महिलाओं की स्थित गंभीर देख एम्बुलेंन्स की सहायता से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। चार लोगों का इलाज स्थानीय एक हॉस्पिटल में हुआ। पूरी रात लोगों ने रात जांग कर पहरा दिये। घटना से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। इस संबंध में वन दरोगा रामध्यान पाण्डेय ने बताया कि मारा गया जानवर भेड़िया है। इस मामले में अज्ञात लोगों पर विभागीय मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

रिफ्लेक्टर के बिना डिवाइडर बन रहे हादसों के सबब

मीरापुर, 11 सितम्बर (बु.)। मीरापुर में मेरठ-पौड़ी राजमार्ग पर बने हुए डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर व चेतावनी बोर्ड न लगे होने से आए दिन ये डिवाइडर हादसों का सबब बन रहे हैं। मीरापुर बाईपास पर बने इन डिवाइडर से रात के अंधेरे में टकराकर दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं तथा कई लोग घायल हो चुके हैं, जबकि हादसे में कई काल के मुँह में भी समा चुके हैं, लेकिन हाईवे अथोरिटी इतने हादसे होने के बाद भी यहाँ चेतावनी बोर्ड और अच्छे रिफ्लेक्टर नहीं लगा रही है, जिसके चलते नागरिक में भारी रोष है। बुधवार की तड़के बिजनौर से मुजफ्फरनगर जा रहा एक कंटेनर जब मीरापुर में मोंटी तिराहे के निकट पहुंचा, तो कंटेनर डिवाइडर से टकरा गया। गनीमत रही कि चालक व परिचालक को चोट नहीं आई। आपको बता दें कि इन डिवाइडर से टकराकर कोई न कोई वाहन आए दिन क्षतिग्रस्त होता रहता है।

टीएमसी नेता ने आंदोलनकारी डॉक्टरों को बताया 'देशद्रोही'

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन न करने के लिए हड़ताल पर बैठे डॉक्टरों की आलोचना की और उन्हें 'देशद्रोही' करार दिया। वीडियो क्लिप में टीएमसी नेता चंदन मुखोपाध्याय को पार्टी के एक कार्यक्रम में यह बयान देते देखा गया। मुखोपाध्याय उत्तर 24 परगना के बदुरिया पंचायत के प्रमुख हैं। वीडियो क्लिप में उन्हें कहते हुए देखा गया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद डॉक्टर अपनी हड़ताल जारी रखे हुए हैं और लोगों की सेवा करने की जिम्मेदारी भूल गए हैं।

दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो : मोदी

ग्रेटर नोएडा, 11 सितंबर (एजेंसी)। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट मे आयोजित सेमीकॉन-2024 का शुभारंभ करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि 21 वीं सदी में दुनिया में जब चिप के क्षेत्र में कहीं मंदी आती है तो आप भारत पर भरोसा कर सकते हैं। यह भारत में आने के लिए सही समय है और आप सही समय पर सही जगह पर हैं।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का आठवां देश है जहां ग्लोबल सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री से जुड़ा यह आयोजन हो रहा है। इसी वर्ष लाल किले से कहा था कि मेरा सपना है दुनिया की हर डिवाइस में इंडियन मेड चिप हो। सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए जो भी जरूरी होगा वह सब करने वाला है। क्रिटिकल मिनरल के और इसके ओवरसीज अधिग्रहण के लिए क्रिटिकल मिनरल मिशन की घोषणा की है।क्रिटिकल मिनरल को कस्टम ड्यूटी से छूट हो, ब्लाक्स की माइनिंग की ऑक्शन हो, इस पर तेजी से काम हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ स्पेस साइंस में सेमी कंडक्टर रिसर्च सेंटर बनाने के लिए भी हम काम कर रहे हैं। हम आईआईटी के साथ साझेदारी कर रहे हैं। जिससे हमारे तकनीशियन न सिर्फ वर्तमान के लिए चिप बनाएं बल्कि अगली पीढ़ी के लिए भी चिप्स तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि डिजाइनिंग की दुनिया में 20 फीसदी योगदान भारत करता है। इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। हम 85 हजार तकनीशियनों, इंजीनियरों और रिसर्च करने वालों की वर्क फोर्स तैयार कर रहे हैं। भारत का फोकस अपने छात्रों और पेश्वरों को सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री रेडी बनाने पर पर है।